Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)

## सितम्बर भाग-2 2023



Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न भाग-2

**1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार बाल शक्ति पुरस्कार और बाल कल्याण पुरस्कार के रूप में दो श्रेणियों तहत दिया जाता है।
2. कोई बच्चा जो भारतीय नागरिक है, भारत में रहता है और उसकी उम्र 5-18 वर्ष के बीच है, वह बाल शक्ति पुरस्कार तथा बाल कल्याण पुरस्कार दोनों के लिये पात्र है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**2. पश्चिमी विक्षोभ के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पश्चिमी विक्षोभ चक्रवाती तूफानों की एक शृंखला है जो भूमध्यसागरीय क्षेत्र में उत्पन्न होती है।
2. इसका मार्ग सूर्य की अवस्थिति के अनुसार बदलता रहता है।
3. हालाँकि तूफान पूरे वर्ष भर आते हैं, लेकिन यह अधिकांशत: दिसंबर और अप्रैल के बीच भारत की ओर यात्रा करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**3. नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन ( NeVA ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह NIC क्लाउड, मेघराज पर तैनात एक कार्य-प्रवाह प्रणाली है जो सदन के अध्यक्ष को सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से संचालित करने में मदद करती है।
2. NeVA एक डिवाइस न्यूट्रल और सदस्य केंद्रित एप्लिकेशन है जो घर के सदस्यों को विविध हाउस बिजनेस को स्मार्ट तरीके से संभालने के लिये तैयार किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**4. निम्नलिखित में से कौन पारस्परिकता की सटीक व्याख्या करता है ?**

A. दीवार पर गेंद मारने और गेंद के वापस आने के समान ही पारस्परिकता विपरीत दिशाओं में चलते हुए दो स्थानों के बीच संकेतों का आदान-प्रदान है।
B. कोई सिग्नल एक बिंदु से दूसरे बिंदु तक भेजा जाता है, तो उसे दूसरे बिंदु से पहले पर वापस भेज दिया जाता है, इसे पारस्परिकता कहते हैं।
C. पारस्परिकता किसी वस्तु की बिना किसी हस्तक्षेप के एक साथ सिग्नल उत्सर्जित करने और प्राप्त करने की क्षमता है।
D. फिल्मों में "पारस्परिकता" शब्द का उपयोग उन परिदृश्यों का वर्णन करने के लिये किया जाता है जिनमें पात्र खराब रोशनी के कारण खिड़की से एक-दूसरे को देखने में असमर्थ होते हैं।

नोट :

**5. 'NavIC' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय सभी उपकरणों में NavIC एकीकरण को अनिवार्य बनाने की योजना बना रहा है।
2. NavIC के लिये दूसरी पीढ़ी के नेविगेशन उपग्रह मई 2023 में लॉन्च किये गए थे।
3. नए उपग्रह L5 और S आवृत्ति सिग्नल के अलावा L1 आवृत्ति में सिग्नल भेजेंगे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**6. शांतिनिकेतन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. शांतिनिकेतन पश्चिम बंगाल के बीरभूम ज़िले में स्थित है।
2. इसकी स्थापना रबींद्रनाथ टैगोर ने एक आवासीय विद्यालय और प्राचीन भारतीय परंपराओं पर आधारित कला केंद्र के रूप में की थी।
3. शांतिनिकेतन को यूनेस्को (UNESCO) द्वारा भारत के 40वें विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता दी गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई नहीं

**7. ऑपरेशन पोलो के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

1. यह रज़ाकारों के विरुद्ध एक पुलिस कार्रवाई थी, जो एक उग्रवादी समूह था और निज़ाम की स्वतंत्रता का समर्थन करता था।
2. इसके परिणामस्वरूप हैदराबाद का भारतीय संघ में एकीकरण हुआ और निज़ाम का शासन समाप्त हो गया।
3. संयुक्त राष्ट्र ने इसका विरोध किया, जिसने तत्काल युद्धविराम और हैदराबाद में जनमत संग्रह का आह्वान करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया।
4. इससे पहले भारत और हैदराबाद के बीच एक स्टैंडस्टिल समझौता हुआ, जिसने उनके संबंधों की यथास्थिति बनाए रखी।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1, 2 और 4
D. उपर्युक्त सभी

**8. संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ( UNICEF ) मुख्य रूप से किसके लिये स्थापित किया गया है ?**

A. द्वितीय विश्व युद्ध से तबाह हुए देशों में बच्चों एवं माताओं को आपातकालीन भोजन तथा स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना।
B. वैश्विक शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना।
C. विकासशील देशों में बच्चों को शैक्षिक संसाधन प्रदान करना।
D. विकसित देशों में बच्चों और महिलाओं की दीर्घकालिक आवश्यकताओं को संबोधित करना।

**9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत OIML (इंटरनेशनल ऑर्गनाइज़ेशन फॉर लीगल मेट्रोलॉजी) सर्टिफिकेट जारी करने वाला 13वाँ देश बन गया है।
2. CSIR-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला (NPL-India), भारत का राष्ट्रीय मेट्रोलॉजी संस्थान (NMI) है जो भारत में SI इकाइयों के मानकों को बनाए रखता है और वज़न तथा माप के राष्ट्रीय मानकों को कैलिब्रेट करता है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**10. 'स्किल इंडिया डिजिटल ( SID )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी कल्पना भारत में कौशल, शिक्षा, रोज़गार और उद्यमिता के लिये डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (DPI) के रूप में की गई है।
2. यह इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के तहत एक परियोजना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**11. पी.एम विश्वकर्मा योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वर्ष 2023 में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर MoMSME द्वारा शुरू की गई एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. इस योजना में पहली बार में 18 पारंपरिक व्यवसायों को शामिल किया जायेगा; जैसे बढ़ई, लोहार, सुनार, कुम्हार, आदि।
3. यह योजना कारीगरों और शिल्पकारों को ऋण, कौशल प्रशिक्षण प्रदान करके और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने, औपचारिक अर्थव्यवस्था में एकीकरण, वैश्विक मूल्य श्रृंखला, नवाचार तथा उद्यमशीलता का समर्थन करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. इनमें से कोई नहीं

**12. निम्नलिखित में से कौन-सा 'जहाज़ समुद्र प्रहरी' का सबसे अच्छा वर्णन है, जो हाल ही में समाचारों में था ?**

A. उभयचर युद्ध जहाज़

B. प्रदूषण नियंत्रण पोत

C. टॉरपीडो प्रक्षेपण और पुनर्प्राप्ति पोत

D. परमाणु संचालित विमान वाहक

**13. निम्नलिखित राज्यों पर विचार कीजिये-**

1. केरल
2. तमिलनाडु
3. त्रिपुरा
4. पश्चिम बंगाल

**उपर्युक्त में से कितने सामान्यतः रबड़ उत्पादक राज्य हैं ?**

A. केवल एक राज्य

B. केवल दो राज्य

C. केवल तीन राज्य

D. उपर्युक्त सभी

**नोट :**

**14. 'सिकल सेल रोग ( SCD )' के संबंध में निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**

1. SCD वंशानुगत श्वेत रक्त कोशिका विकारों का एक समूह है।
2. राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन का लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत से सिकल सेल एनीमिया को समाप्त करना है।
3. SCD को विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत विकलांगता की सूची में शामिल किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1,2 और 3

**15. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC) परियोजना पर नई दिल्ली में G20 शिखर सम्मेलन में हस्ताक्षर किये गए।
2. पर्यावरणीय प्रभाव संबंधी चिंताओं का समाधान करना, धारणीयता सुनिश्चित करना, और निर्माण कार्य तथा परियोजना के संचालन में हरित व पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं का पालन करना इस परियोजना के प्रमुख पहलू हैं।
3. QUAD के सभी साझेदार इस परियोजना का हिस्सा हैं।
4. यह एक विश्व बैंक प्रायोजित परियोजना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 4
C. केवल 1, 2 और 3
A. 1, 2, 3 और 4

**16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हाल ही में पहला रोगी सुरक्षा अधिकार चार्टर जारी किया है।
2. विश्व रोगी सुरक्षा दिवस 2023 का विषय 'रोगी सुरक्षा के लिये रोगियों को शामिल करना' है।
3. विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक वर्ष 5 मई को मनाया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. कोई नहीं

**17. रोगाणुरोधी उपयोग में वैश्विक रुझान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हाल ही में WHO ने जानवरों में रोगाणुरोधी उपयोग पर अपनी 7वीं रिपोर्ट जारी की है।
2. पशुओं में वैश्विक रोगाणुरोधी उपयोग में 13% की वृद्धि हुई है।
3. रोगाणुरोधी दवाओं का उपयोग मनुष्यों, जीव-जंतुओं और कभी-कभी पौधों में हुए संक्रमण के उपचार या रोकथाम के लिये किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

नोट :

**18. निम्नलिखित में से कौन सा 'ग्रहीय सीमाओं की रूपरेखा' के तहत महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डालता है?**

1. जीवमंडल की अखंडता में परिवर्तन
2. महासागर अम्लीकरण
3. जैव-भू-रासायनिक प्रवाह
4. भूमि व्यवस्था परिवर्तन

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2, 3 और 4

**19. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. किसान ऋण पोर्टल (KRP) नीति आयोग और RBI की संयुक्त पहल है।
2. घर-घर किसान क्रेडिट कार्ड अभियान सार्वभौमिक वित्तीय समावेशन की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।
3. WINDS पहल एक प्रयास है जिसका उद्देश्य तालुक/ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तरों पर स्वचालित मौसम विज्ञान केंद्रों एवं वर्षा गेज का एक नेटवर्क स्थापित करना है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. 1, 2 और 3
C. केवल 1
D. केवल 2 और 3

**20. हाल ही में खबरों में रहा बायोहैकिंग शब्द किससे संबंधित है?**

A. डेटा चुराने या हेरफेर करने के लिये जैविक प्रणालियों को हैक करना।
B. जीवित जीवों के गुणों या क्षमताओं में सुधार के लिये किया जाने वाला जैविक प्रयोग।
C. जीवन के नए रूपों को बनाने या मौजूदा रूपों को बदलने के लिये जैव प्रौद्योगिकी का उपयोग करना।
D. नुकसान या व्यवधान उत्पन्न करने वाली जैविक सुभेद्यताओं का लाभ उठाना।

**21. होयसल मंदिरों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कर्नाटक के बेलूर, हलेबिड और सोमनाथपुर के होयसल मंदिरों को UNESCO की विश्व धरोहर सूची में जोड़ा गया है।
2. चेन्नकेशव मंदिर का निर्माण होयसल राजा विष्णुवर्धन ने चोलों पर अपनी विजय के उपलक्ष्य में करवाया था।
3. सोमनाथपुर का केशव मंदिर एक सुंदर त्रिकुटा मंदिर है जो भगवान कृष्ण को तीन रूपों- जनार्दन, केशव और वेणुगोपाल को समर्पित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. सिर्फ दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**22. श्रेयस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. श्रेयस पहल का उद्देश्य अनुसूचित जाति, आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग (EWS) और अन्य पिछड़े वर्गों के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है।
2. यह सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत एक व्यापक योजना है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न 1 और न ही 2

**23. क्षारीय मैग्मा से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह फेरोमैग्नेशियम खनिजों से समृद्ध है।
2. यह शील्ड ज्वालामुखियों से संबंधित है।
3. यह आमतौर पर महासागरीय भू-पर्पटी से संबंधित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**24. होयसल राजवंश के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वे कल्याण के चालुक्यों के सामंत थे, जिन्हें पश्चिमी चालुक्य साम्राज्य भी कहा जाता है।
2. होयसल वास्तुकला भूमिजा, नागर और वास्तुकला की द्रविड़ शैलियों का मिश्रण है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**25. विलुप्त या निष्क्रिय ज्वालामुखियों के बाद आमतौर पर कौन सी भूवैज्ञानिक विशेषता देखी जाती है ?**

A. व्यापक ढाल ज्वालामुखी

B. निष्क्रिय क्रेटर

C. झीलों का निर्माण करने वाले भरे हुए गड्ढे

D. निरंतर गैस उत्सर्जन

**26. 'उच्च रक्तचाप पर वैश्विक रिपोर्ट' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उच्च रक्तचाप पर वैश्विक रिपोर्ट: द रेस अगेंस्ट अ साइलेंट किलर विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा जारी की गई है।
2. वर्ष 1990 से वर्ष 2019 के बीच उच्च रक्तचाप के मामलों की संख्या दोगुनी हो गई है।
3. भारत में उच्च रक्तचाप की व्यापकता वैश्विक औसत से अधिक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**27. वैश्विक शिक्षा निगरानी रिपोर्ट, 2023 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यूनेस्को ने वैश्विक शिक्षा निगरानी रिपोर्ट, 2023 जारी की जिसका शीर्षक 'SDG 4 मिड-टर्म प्रोग्रेस रिव्यू' है।
2. प्रत्येक 100 युवा पुरुषों की तुलना में माध्यमिक विद्यालय की शिक्षा पूरा करने वाली युवा महिलाओं के अनुपात में गिरावट आई है।
3. उप-सहारा अफ्रीका में प्रशिक्षित पूर्व-प्राथमिक शिक्षकों का प्रतिशत काफी कम हो गया है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**28. निम्नलिखित में से कौन PM-WANI योजना की सबसे अच्छी व्याख्या करता है?**

A. यह खुदरा व थोक दुकानदार, चाय की दुकान अथवा किराना स्टोर के मालिकों को सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट सेवा प्रदाता बनकर ग्राहकों को इंटरनेट सेवा प्रदान करने में सक्षम बनाती है।

B. यह बुनियादी अवसंरचनाओं, संकाय भर्ती प्रक्रिया और अनुसंधान सुविधाओं में सुधार के लिये राज्य के विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों को वित्तपोषण प्रदान करने के लिये एक शैक्षणिक विकास योजना है।

C. यह एक महिला-केंद्रित कल्याण कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य विशेष रूप से ग्रामीण और वंचित समुदायों की महिलाओं के समग्र विकास के लिये अनुकूल वातावरण का निर्माण करना है।

D. यह एक कृषि विकास योजना है जिसका उद्देश्य कृषि क्षेत्र में जल-उपयोग दक्षता में सुधार करना है।

**29. हाल ही में भारत के राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (National Medical Commission- NMC) ने 10 वर्षों के उल्लेखनीय कार्यकाल के लिये प्रतिष्ठित वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेडिकल एजुकेशन (WFME) से मान्यता प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।**

**निम्नलिखित में से कौन-सा/से मान्यता स्थिति का सही निहितार्थ है/हैं?**

1. भारत में सभी 706 मौजूदा मेडिकल कॉलेजों को WFME से मान्यता प्राप्त होगी।
2. आगामी 10 वर्षों में स्थापित होने वाले नए मेडिकल कॉलेजों को स्वतः WFME से मान्यता प्राप्त हो जाएगी।
3. यह मान्यता भारतीय चिकित्सा स्नातकों को अन्य देशों में स्नातकोत्तर करने और अभ्यास करने में सक्षम बनाएगी जहाँ पर WFME मान्यता की आवश्यकता होती है।

**निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**30. राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस- 11 मई को की जाती है और पुरस्कार राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस- 23 अगस्त को दिये जाते हैं।
2. राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार के घटक पुरस्कारों में एक प्रमाण पत्र, एक पदक और एक नकद पुरस्कार शामिल है।
3. भारतीय मूल के व्यक्ति (PIO) राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार के तहत विज्ञान रत्न या विज्ञान टीम पुरस्कार के लिये पात्र नहीं हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. उपरोक्त में से कोई भी नहीं

**31. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा गुरुत्वाकर्षण रेडशिफ्ट का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. अंतरिक्ष में गति के कारण किसी वस्तु के रंग में परिवर्तन।

B. गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र से गुज़रते समय प्रकाश की आवृत्ति में परिवर्तन।

C. जैसे-जैसे कोई वस्तु किसी विशाल खगोलीय पिंड के पास पहुँचती है, उसकी गति में वृद्धि होती है।

D. गुरुत्वाकर्षण खिंचाव के कारण किसी विशाल वस्तु के चारों ओर प्रकाश का झुकना।

**32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बृहस्पति की धूमिल वलय प्रणाली की खोज वर्ष 1979 में वॉयजर मिशन द्वारा की गई थी।
2. आयो बृहस्पति का ज्वालामुखीय चंद्रमा है।
3. जूनो बृहस्पति और उसके बर्फीले चंद्रमाओं का पता लगाने के लिये नासा का एक मिशन है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमे से कोई भी नहीं

**33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गुरुत्वाकर्षण अस्थिरता खगोल भौतिकीय प्रणालियों, विशेष रूप से आकाशगंगाओं, तारों और ग्रहीय प्रणालियों जैसे आकाशीय पिंडों में घटित होती है।
2. कम स्थिरता वाली सर्पिल आकाशगंगाओं में गुरुत्वाकर्षण अस्थिरताएँ बड़ी मात्रा में गैस को कुशलतापूर्वक तारों में परिवर्तित कर देती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**34. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पता चलता है कि पश्चिम बंगाल में हाथी गलियारों की संख्या सबसे अधिक है।
2. जंगली एशियाई हाथियों की सबसे बड़ी आबादी भारत में पाई जाती है, देश में हाथियों की सर्वाधिक संख्या कर्नाटक में है।
3. इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) की संकटग्रस्त प्रजातियों की रेड लिस्ट में एशियाई हाथी को गंभीर रूप से लुप्तप्राय और अफ्रीकी वन हाथी को लुप्तप्राय के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**35. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**

1. विश्व वन्यजीव कोष द्वारा घोषित विश्व राइनो दिवस गैंडों की पाँच प्रजातियों और संरक्षण प्रयासों के लिये जागरूकता को बढ़ावा देने के लिये 22 सितंबर को मनाया जाने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है।
2. भारत, भूटान, नेपाल, इंडोनेशिया और मलेशिया ने इन प्रजातियों के संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिये एशियाई गैंडों के लिये नई दिल्ली घोषणा पर हस्ताक्षर किये हैं।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**36. पीएम-किसान योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक एआई चैटबॉट लॉन्च किया, यह केंद्र सरकार की एक प्रमुख फ्लैगशिप योजना के साथ एकीकृत अपनी तरह का पहला लॉन्च है।
2. यह पीएम-किसान योजना की दक्षता और पहुँच बढ़ाएगा तथा किसानों को उनके प्रश्नों का त्वरित, स्पष्ट व सटीक उत्तर प्रदान करेगा।
3. इस एआई चैटबॉट को भाषिनी के साथ एकीकृत किया गया है जो पीएम-किसान योजना के लाभार्थियों की भाषायी तथा क्षेत्रीय विविधता को ध्यान में रखते हुए बहुभाषी समर्थन प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**37. भारतीय संविधान में प्रदत्त संसदीय विशेषाधिकारों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 71 में संसदीय विशेषाधिकारों को परिभाषित किया गया है।
2. संसदीय विशेषाधिकार संसद के दोनों सदनों, उनकी समितियों और उनके सदस्यों को प्राप्त विशेष अधिकार, उन्मुक्तियाँ और छूट हैं।
3. इन विशेषाधिकारों के तहत संसद सदस्यों को अपने कर्त्तव्यों के दौरान दिये गए किसी भी बयान या किये गए कार्य के लिये किसी भी नागरिक दायित्व (लेकिन आपराधिक दायित्व नहीं) से छूट दी गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. कोई भी नहीं

**38. भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (ZSI) के वैज्ञानिकों ने हाल ही में देश के किस क्षेत्र से चमकीले नारंगी रंग की गहरे पानी की समुद्री मछली की एक नई प्रजाति की खोज की है?**

A. अंडमान द्वीप समूह
B. अनाईमलाई वन
C. पश्चिम बंगाल में दीघा मोहना
D. पूर्वोत्तर के उष्णकटिबंधीय वर्षा वन

**39. मुकुर्थी राष्ट्रीय उद्यान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कर्नाटक के उत्तर पश्चिम कोने में स्थित है।
2. यह नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व का एक हिस्सा है।
3. नीलगिरि तहर मुकुर्थी राष्ट्रीय उद्यान की प्रमुख प्रजाति है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**नोट :**

**40. भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. IRDAI एक गैर वैधानिक निकाय है।
2. यह वाणिज्य मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आता है।
3. यह बीमा उद्योग के विकास को विनियमित और उसका अनुवीक्षण करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**41. फॉस्फोरस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत विश्व में फॉस्फोरस का सबसे बड़ा आयातक है।
2. भारत में रॉक फॉस्फेट का उत्पादन केवल राजस्थान और गुजरात में होता है।
3. फॉस्फोरस का कम उपयोग शैवाल के पनपने को बढ़ावा देने के साथ जल निकायों में ऑक्सीजन की कमी एवं मछलियों की मृत्यु का कारण बनता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**42. संयुक्त राष्ट्र जलवायु महत्त्वाकांक्षा शिखर सम्मेलन (CAS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका लक्ष्य 28वें कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़ (COP28) की प्रस्तावना के रूप में जलवायु कार्रवाई में तेज़ी लाना है।
2. चीन, अमेरिका और भारत इसके सबसे सक्रिय भागीदार हैं।
3. इस शिखर सम्मेलन में भारत ने 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन हासिल करने का लक्ष्य रखा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**43. आदि शंकराचार्य के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने विशिष्टाद्वैत के सिद्धांत का प्रतिपादन किया।
2. 'स्टैच्यू ऑफ इक्वलिटी' का संबंध आदि शंकराचार्य से है।
3. उन्होंने सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार हेतु भारत के चार कोनों शृंगेरी, पुरी, द्वारका और बद्रीनाथ में चार मठों की स्थापना की।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**नोट :**

**44. फाइव आइज़ अलायंस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पाँच देशों का एक खुफिया गठबंधन है जिसमें ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूज़ीलैंड, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं।
2. इसकी उत्पत्ति वर्ष 1946 के UK-USA समझौते से हुई, जो सिग्नल इंटेलिजेंस (SIGINT) साझा करने के लिये एक सहकारी व्यवस्था थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की गणना तीन अलग-अलग तरीकों का उपयोग करके की जाती है।
2. कारक लागत विधि इंगित करती है कि अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्र जैसे व्यापार, निवेश आदि कैसा प्रदर्शन कर रहे हैं।
3. व्यय-आधारित पद्धति विभिन्न उद्योगों के प्रदर्शन का आकलन करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**46. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. वर्ष 2021-2022 में विश्वभर में दूध का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक था।
2. उत्तर प्रदेश भारत में दूध का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है।
3. बढ़ते तापमान के कारण भारत के शुष्क और अर्द्ध-शुष्क क्षेत्रों में दूध उत्पादन में कमी आ सकता है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 2 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**47. भारत में विब्रियो वल्निकस संक्रमण से संबंधित बढ़ती चिंता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह समुद्री वातावरण में पाया जाने वाला एक घातक बैक्टीरिया है।
2. इसके संभावित खतरे के बावजूद, यह रोगजनक भारत में काफी हद तक कम रिपोर्ट किया गया है।
3. यह जीवाणु 20°C से ऊपर गर्म जल में पनपता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**नोट :**

**48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. न्यूज़ ब्रॉडकास्टर्स एंड डिजिटल एसोसिएशन (NBDA) एक संवैधानिक संस्था है।
2. भारतीय प्रेस परिषद (PCI) भारत में प्रिंट मीडिया को विनियमित करने वाली सर्वोच्च संस्था है।
3. सरकार के केबल टेलीविज़न नेटवर्क (CTN) संशोधन नियम 2021 के तहत स्व-नियामक निकायों के पंजीकरण की आवश्यकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**49. "उच्च शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के कार्यान्वयन" पर रिपोर्ट के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रिपोर्ट में इस बात पर बल दिया गया है कि भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली का एक बड़ा हिस्सा केंद्रीय अधिनियमों के तहत संचालित होता है।
2. 94% छात्र केंद्रीय संस्थानों में नामांकित हैं, राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों में केवल 6% छात्र बचे हैं।
3. राष्ट्रीय शिक्षा नीति का लक्ष्य वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात को 50% तक बढ़ाना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**50. "जोशीमठ" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जोशीमठ उत्तराखंड के देहरादून ज़िले में स्थित एक पहाड़ी शहर है।
2. देवप्रयाग से बहने वाली जलधाराएँ इस शहर से होकर प्रवाहित होती हैं।
3. आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित चार प्रमुख मठों में से एक यहाँ स्थापित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ईंधन सेल एक विद्युत रासायनिक उपकरण है जो रासायनिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करता है।
2. हरित हाइड्रोजन ईंधन सेल एक इलेक्ट्रोकेमिकल प्रक्रिया को चलाने के लिये ईंधन के रूप में हरित हाइड्रोजन का उपयोग करता है जो विद्युत का उत्पादन करता है, जिसमें जल और ऊष्मा एकमात्र उप-उत्पाद होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**52. संकर बीजों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एक ही पौधे की विभिन्न किस्मों के बीच नियंत्रित पर-परागण (Cross-Pollination) करके उत्पादित बीज को संकर बीज कहा जाता है।
2. इन्हें प्रमाणिक बीजों (Heirloom Seeds) की तुलना में आसानी और तेज़ी से उगाया जा सकता है।
3. एक पैकेट में सभी संकर बीज एक ही मूल/पैरेंट पौधे के होते हैं, ऐसे में वे सभी पौधे एक समान रूप से विकसित होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**53. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मनरेगा ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2005 में शुरू किये गए विश्व के सबसे बड़े गारंटी कार्य कार्यक्रमों में से एक है।
2. पहले की रोज़गार गारंटी योजनाओं के विपरीत इस योजना का लक्ष्य अधिकार-आधारित ढाँचे के माध्यम से पुरानी गरीबी के कारणों को संबोधित करना है।
3. न्यूनतम मज़दूरी अधिनियम, 1948 के तहत राज्य में कृषि मज़दूरों के लिये निर्दिष्ट वैधानिक न्यूनतम मज़दूरी के अनुसार मज़दूरी का भुगतान किया जाना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**54.आधार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आधार भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा जारी 16 अंकों की व्यक्तिगत पहचान संख्या है।
2. आधार संख्या निवासियों को उचित समय पर बैंकिंग, मोबाइल फोन कनेक्शन एवं अन्य सरकारी और गैर-सरकारी सेवाओं द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने में मदद करती है।
3. यह एक स्वैच्छिक सेवा है जिसका लाभ प्रत्येक निवासी वर्तमान दस्तावेज़ के बावजूद उठा सकता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**55. मानवाधिकारों पर एशिया प्रशांत फोरम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना वर्ष 1996 में हुई थी।
2. इसका उद्देश्य एशिया-प्रशांत क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण मानवाधिकार चुनौतियों का समाधान करना है।
3. यह विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों, सरकारों और गैर-सरकारी संगठनों के साथ साझेदारी करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**नोट :**

**56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. भारतीय पैंगोलिन और चीनी पैंगोलिन एशिया में पैंगोलिन की केवल दो विलुप्त प्रजातियां हैं।
2. पैंगोलिन का निवास स्थान बहुत सीमित है; घास के मैदान और कृषि क्षेत्र
3. भारत में, चीनी पैंगोलिन बिहार, पश्चिम बंगाल और असम में पाये जा सकता है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**57. 'राष्ट्रीय वयोश्री योजना' के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

1. यह सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा प्रशासित है।
2. यह भारत की संचित निधि से वित्त पोषित एक केंद्रीय योजना है।
3. यह किसी भी (जाति) श्रेणी के वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त उपकरण प्रदान करता है जो उन्हें वहन करने में असमर्थ हैं।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिये:**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**58. पाम ऑयल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पाम ऑयल एक खाद्य वनस्पति तेल है जो ताड़ के पेड़ों के बीजों से प्राप्त होता है।
2. कच्चे पाम ऑयल से बने बायोडीज़ल को 'ग्रीन डीज़ल' के रूप में ब्रांड किया जाता है।
3. अन्य वनस्पति तेल संयंत्रों की तुलना में पाम तेल की उच्च प्राथमिकता को इसकी सस्ती लागत और प्रति हेक्टेयर अधिक उत्पादन के लिये ज़िम्मेदार ठहराया जा सकता है।
4. वैश्विक पाम तेल उत्पादन का लगभग 90% अकेले इंडोनेशिया में होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**59. क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी ( RCEP ) निम्नलिखित में से किस गठबंधन के सदस्य राज्यों और उसके पाँच FTA भागीदारों के बीच एक मुक्त व्यापार समझौता ( FTA ) है ?**

A. ASEAN
B. BRICS
C. G20
D. अफ्रीकी संघ

**60. भारत निर्वाचन आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत में लोकसभा, राज्यसभा, राज्य विधानसभाओं, पंचायतों और नगर पालिकाओं के चुनावों का संचालन करता है।
2. मूल रूप से, आयोग में एक चुनाव आयुक्त होता था, लेकिन चुनाव आयुक्त संशोधन अधिनियम 1989 के बाद यह एक बहु-सदस्यीय निकाय बन गया।
3. भारत के राष्ट्रपति मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करते हैं।

नोट :

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**61. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय दवा उद्योग मात्रा की दृष्टि से विश्व का तीसरा सबसे बड़ा दवा उद्योग है।
2. हाल ही में सरकार ने भारत में फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान, विकास एवं नवाचार पर राष्ट्रीय नीति तथा इस क्षेत्र में अनुसंधान व नवाचार को बढ़ावा देने के लिये PRIP नामक पहल शुरू की है।

**उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**62. भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी में भौगोलिक मानचित्रण और विश्लेषण हेतु भौगोलिक सूचना प्रणाली (Geographic Information System- GIS), ग्लोबल पोज़िशनिंग सिस्टम (Global Positioning System- GPS) तथा रिमोट सेंसिंग जैसे उपकरणों का उपयोग किया जाता है।
2. बड़ी मात्रा में डेटा में स्थानिक प्रतिरूप की पहचान के लिये इंटेलिजेंस मैप्स (Intelligent Maps) निर्मित करने हेतु प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो1 और न ही 2

**63 .चीन-नेपाल संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नेपाल ने चीन की वैश्विक सुरक्षा पहल (GSI) में शामिल होने के चीन के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है।
2. नेपाल ने चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) में रुचि व्यक्त की है, जिसका लक्ष्य बुनियादी ढाँचे की कनेक्टिविटी और व्यापार सुविधा में सुधार करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो1 और न ही 2

**64. परिसीमन आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1952, 1962, 1972 और 2002 के अधिनियमों के आधार पर चार बार वर्ष 1952, 1963, 1973 व 2002 में परिसीमन आयोगों का गठन किया गया है।
2. परिसीमन आयोग का गठन भारत के राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है तथा यह भारत निर्वाचन आयोग के सहयोग से कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न ही 1 न ही 2

**65. प्रतिभूति बॉण्ड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. बीमा कंपनी द्वारा ठेकेदार की ओर से परियोजना प्रदान करने वाली इकाई को जमानती बॉण्ड प्रदान किया जाता है।
2. एक जमानती बॉण्ड को अपने सरलतम रूप में एक लिखित समझौते के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो किसी कार्य के अनुपालन, भुगतान या प्रदर्शन की गारंटी देता है।

**उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

## व्याख्या भाग-2

**1.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- दो श्रेणियाँ: प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार दो श्रेणियों के अंतर्गत दिया जाता है:
  - बाल शक्ति पुरस्कार और बाल कल्याण पुरस्कार, अत: कथन 1 सही है।
- बाल शक्ति पुरस्कार:
  - मान्यता:
    - यह भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष विभिन्न क्षेत्रों यानी नवाचार, शैक्षिक उपलब्धियों, सामाजिक सेवा, कला एवं संस्कृति, खेल और बहादुरी में बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिये दिया जाता है।
  - पात्रता:
    - एक बच्चा जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है तथा उसकी उम्र 5-18 वर्ष के बीच है।
  - पुरस्कार:
    - एक पदक, 1,00,000 रुपए का नकद पुरस्कार ,10,000 रुपए के पुस्तक वाउचर, एक प्रमाणपत्र और प्रशस्तिपत्र।
  - पृष्ठभूमि:
    - इसे वर्ष 1996 में असाधारण उपलब्धि के लिये राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के रूप में स्थापित किया गया था, जिसे वर्ष 2018 में बाल शक्ति पुरस्कार नाम दिया गया।
- बाल कल्याण पुरस्कार:
  - मान्यता:
    - यह उन व्यक्तियों और संस्थानों को मान्यता के रूप में दिया जाता है, जिन्होंने बाल विकास, बाल संरक्षण और बाल कल्याण के क्षेत्र में बच्चों की सेवा में उत्कृष्ट योगदान दिया है।
  - पात्रता:
    - एक व्यक्ति जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है तथा उसकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिये (संबंधित वर्ष के 31 अगस्त को)। उसने कम-से-कम 7 वर्ष तक बच्चों के हित के लिये कार्य किया हो। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - संस्था पूरी तरह से सरकार द्वारा वित्तपोषित नहीं होनी चाहिये और 10 वर्षों से बाल कल्याण के क्षेत्र में संलग्न होनी चाहिये, साथ ही इस क्षेत्र में लगातार प्रदर्शन कर रही हो।

- पुरस्कार:
  - प्रत्येक दो श्रेणियों में तीन पुरस्कार दिये जाते हैं- व्यक्तिगत नकद पुरस्कार 1,00,000 रुपए और संस्थागत नकद पुरस्कार 5,00,000 रुपए।
- पृष्ठभूमि:
  - इसे वर्ष 1979 में राष्ट्रीय बाल कल्याण पुरस्कार के रूप में स्थापित किया गया था, जिसे 2018 से बाल कल्याण पुरस्कार नाम दिया गया।

**2.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**पश्चिमी विक्षोभ:**

- पश्चिमी विक्षोभ चक्रवाती तूफानों की एक शृंखला है जो भूमध्यसागरीय क्षेत्र में उत्पन्न होते हैं, ये 9,000 किमी. से अधिक की दूरी तय करके भारत में पहुँचते हैं। यह उत्तर-पश्चिम भारत में शीत ऋतु में वर्षा के लिये उत्तरदायी है। अत: कथन 1 सही है।
  - पश्चिमी विक्षोभ भूमध्य सागर, काला सागर और कैस्पियन सागर से आर्द्रता एकत्र करता है तथा पश्चिमी हिमालय पर्वत से टकराने से पहले ईरान और अफगानिस्तान के ऊपर से गुज़रता है।
- जबकि तूफान प्रणाली पूरे वर्ष में मौजूद होती है, वे मुख्य रूप से दिसंबर और अप्रैल के बीच भारत को प्रभावित करते हैं क्योंकि उपोष्णकटिबंधीय पछुआ जेट स्ट्रीम का प्रक्षेपवक्र शीत ऋतु के महीनों के दौरान हिमालय क्षेत्र में स्थानांतरित हो जाता है। अत: कथन 3 सही है।
  - जेट स्ट्रीम हिमालय के ऊपर से पूरे वर्ष तिब्बत के पठार और चीन की ओर प्रवाहित होती है। इसका प्रक्षेपवक्र सूर्य की स्थिति से प्रभावित होता है। अत: कथन 2 सही है।

**3.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन:**

- यह NIC क्लाउड, मेघराज पर तैनात एक कार्य-प्रवाह प्रणाली है, जो सदन के अध्यक्ष को सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से संचालित करने, माननीय सदस्यों को सदन में अपने कर्तव्यों को कुशलतापूर्वक पूरा करने और सदन के विधायी कार्य को कागज रहित तरीके से संचालित करने में मदद करता है। अत:, कथन 1 सही है।
- NeVA एक डिवाइस न्यूट्रल एवं सदस्य-केंद्रित एप्लीकेशन है जिसे सदस्य संपर्क विवरण, प्रक्रिया के नियम, व्यवसाय की सूची, नोटिस, बुलेटिन, बिल, तारांकित व अतारांकित प्रश्नों एवं उत्तरों के बारे में पूरी जानकारी डालकर उन्हें विविध हाउस बिज़नेस को स्मार्ट तरीके से संभालने के लिये तैयार किया गया है। उनके हैंडहेल्ड डिवाइस एवं टैबलेट में रखे गए कागज़ात, समिति की रिपोर्ट आदि और इसे कुशलता से संभालने हेतु देश की सभी विधायिकाओं व विभागों को जोड़ा गया है। यानि वन नेशन वन एप्लीकेशन के माध्यम से सब हैंडल होगा। अत: कथन 2 सही है।
- NeVA डेटा संग्रह के लिए नोटिस/अनुरोध भेजने की प्रक्रिया को पूरी तरह से समाप्त कर देगा।

**4.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पारस्परिकता**

- पारस्परिकता का अर्थ है कि यदि कोई सिग्नल एक बिंदु से दूसरे बिंदु तक भेजा जाता है, तो उसे दूसरे बिंदु से पहले पर वापस भेज दिया जाता है। अत: विकल्प B सही है।

- उदाहरण के लिये जब आप किसी मित्र की तरफ टॉर्च की रोशनी करते हैं तो उसकी चमक वापस आप पर आ सकती है क्योंकि प्रकाश हवा के माध्यम से दोनों तरफ फैल सकता है।
- हालाँकि ऐसी कई स्थितियाँ होती हैं जहाँ पारस्परिकता अपेक्षा के अनुरूप काम नहीं करती है।
  - उदाहरण के लिये जैसे कुछ फिल्मों में किसी व्यक्ति से कमरे में पूछताछ के दौरान उस कमरे में बैठा व्यक्ति पुलिस अधिकारी को नहीं देख सकता है, लेकिन पुलिस अधिकारी उसे देख सकता है।
  - इसके अलावा अँधेरे में स्ट्रीटलाइट के नीचे खड़े व्यक्ति को देखा जा सकता है, लेकिन अँधेरे में खड़ा व्यक्ति उसे नहीं देख सकता।

**5.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- केंद्र सरकार वर्ष 2025 तक भारत में बेचे जाने वाले सभी स्मार्टफोन में NavIC के एकीकरण को अनिवार्य करने पर विचार कर रही है, विशेष रूप से 5G फोन को लक्षित करते हुए। अत: कथन 1 सही है।
- निर्माताओं को घरेलू चिप डिज़ाइन और उत्पादन को बढ़ावा देने, NavIC तकनीक का समर्थन करने वाले चिप्स का उपयोग करने हेतु उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (PLI) योजनाओं के माध्यम से अतिरिक्त प्रोत्साहन प्रदान किया जा सकता है।
- NavIC को अपनाकर इसे बढ़ावा देने के लिये ISRO ने मई 2023 में दूसरी पीढ़ी के नेविगेशन उपग्रह लॉन्च किये थे जो अन्य उपग्रह-आधारित नेविगेशन प्रणालियों के साथ अंतर-संचालनीयता को बढ़ाएंगे और उपयोग का विस्तार करेंगे। अत: कथन 2 सही है।
- दूसरी पीढ़ी के उपग्रह मौजूदा उपग्रहों द्वारा प्रदान किये जाने वाले L5 और S आवृत्ति संकेतों के अलावा तीसरी आवृत्ति, L1 में सिग्नल भेजेंगे। अत: कथन 3 सही है।
- L1 आवृत्ति ग्लोबल पोज़िशनिंग सिस्टम (GPS) में सबसे अधिक उपयोग की जाने वाली आवृत्तियों में से एक है और पहनने योग्य उपकरणों तथा व्यक्तिगत ट्रैकर्स में क्षेत्रीय नेविगेशन प्रणाली के उपयोग को बढ़ाएगी जो कम-शक्ति, एकल-आवृत्ति चिप्स का उपयोग करते हैं।

**6.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हाल ही में शांतिनिकेतन, जो पश्चिम बंगाल के बीरभूम ज़िले में स्थित है, को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
  - वर्ष 2010 से ही शांतिनिकेतन को यूनेस्को (UNESCO) द्वारा विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता दिलाने के प्रयास चल रहे हैं। शांतिनिकेतन को यूनेस्को द्वारा भारत के 41वें विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता दी गई है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - शांतिनिकेतन की स्थापना वर्ष 1901 में रबींद्रनाथ टैगोर ने एक आवासीय विद्यालय और प्राचीन भारतीय परंपराओं तथा मानवता की एकता की दृष्टि पर आधारित कला केंद्र के रूप में की थी। अत: कथन 2 सही है।

**7.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- रज़ाकार एक अर्द्धसैनिक बल थे जो निज़ाम की संप्रभुता का समर्थन करते थे और भारतीय आक्रमण का विरोध करते थे। उन पर हिंदू आबादी तथा तेलंगाना विद्रोहियों, जो भूमि सुधार एवं लोकतंत्र चाहते थे, के विरुद्ध अत्याचार करने का आरोप लगाया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- ऑपरेशन पोलो 18 सितंबर, 1948 को निज़ाम के आत्मसमर्पण के साथ समाप्त हो गया। उन्होंने भारत को एक रियासत के रूप में शामिल करते हुए विलय पत्र पर हस्ताक्षर किये। बाद में उन्हें वर्ष 1956 तक हैदराबाद के राजप्रमुख (गवर्नर) के रूप में नियुक्त किया गया, जब राज्य को भाषायी आधार पर पुनर्गठित किया गया। अत: कथन 2 सही है।

नोट :

- संयुक्त राष्ट्र ने इस संघर्ष में हस्तक्षेप नहीं किया, क्योंकि इसे भारत का आंतरिक मामला माना गया। हालाँकि पाकिस्तान ने भारत की कार्रवाई का विरोध किया और उस पर अंतर्राष्ट्रीय कानून और मानवाधिकारों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- नवंबर 1947 में, हैदराबाद ने भारत के साथ एक स्टैंडस्टिल समझौते पर हस्ताक्षर किये जिसने राज्य में भारतीय सैनिकों की तैनाती को छोड़कर सभी पिछली व्यवस्थाओं को जारी रखा। यह समझौता एक वर्ष तक चलने वाला था, जिसके दौरान अंतिम समझौता किया जाता। हालाँकि भारत ने हैदराबाद पर हथियार आयात करके समझौते का उल्लंघन करने, विदेशी मान्यता प्राप्त करने और विध्वंसक गतिविधियों का समर्थन करने का आरोप लगाया। अत: कथन 4 सही है।

**8.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**संयुक्त राष्ट्र बाल कोष:**

- संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (UNICEF), जिसे मूल रूप से संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष के रूप में जाना जाता है, 11 दिसंबर, 1946 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा बनाया गया था, इसकी स्थापना द्वितीय विश्व युद्ध से तबाह हुए देशों में बच्चों एवं माताओं को आपातकालीन भोजन तथा स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिये की गई थी। अत: विकल्प A सही उत्तर है।
- वर्ष 1950 में UNICEF के अधिदेश को विकासशील देशों में बच्चों एवं महिलाओं की दीर्घकालिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये विस्तारित किया गया था।
    - वर्ष 1953 में यह संयुक्त राष्ट्र प्रणाली का एक स्थायी हिस्सा बन गया।

**9.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- हाल ही में भारत 13वाँ ऐसा देश बन गया है जो OIML (इंटरनेशनल ऑर्गनाइज़ेशन फॉर लीगल मेट्रोलॉजी) सर्टिफिकेट जारी कर सकता है। अत: कथन 1 सही है।
- उपभोक्ता मामले विभाग का लीगल मेट्रोलॉजी डिवीज़न अब OIML प्रमाणपत्र जारी करने के लिये अधिकृत है।
- CSIR-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला (NPL-India), भारत का राष्ट्रीय मेट्रोलॉजी संस्थान (NMI) है जो भारत में SI इकाइयों के मानकों को बनाए रखता है और वज़न तथा माप के राष्ट्रीय मानकों को कैलिब्रेट करता है। अत: कथन 2 सही है।

**10.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- स्किल इंडिया डिजिटल (SID) की कल्पना भारत में कौशल, शिक्षा, रोज़गार और उद्यमशीलता के लिये डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (Digital Public Infrastructure- DPI) के रूप में की गई है। अत: कथन 1 सही है।
- इसका उद्देश्य विभिन्न कौशल पहलों को एक साथ लाना और DPI के निर्माण के लिये G20 ढाँचे के सिद्धांतों के अनुरूप कौशल विकास हेतु एक निर्बाध पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है।
- यह 'कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय' के तहत एक परियोजना है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

**11.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या :**

- हाल ही में भारत सरकार ने विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर 'प्रधानमंत्री (PM) विश्वकर्मा योजना' शुरू की है। इसे एक केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में लागू किया जाएगा, जो पूरी तरह से भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित होगी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (MoMSME) इस योजना के लिये नोडल मंत्रालय है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

**नोट :**

- दायरा और कवरेज: इस योजना में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में 18 पारंपरिक व्यापार शामिल हैं। इन व्यवसायों में बढ़ई, नाव बनाने वाले, लोहार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, दर्जी और अन्य व्यवसायी शामिल हैं। अत: कथन 2 सही है।
- उद्देश्य:
  - यह सुनिश्चित करना कि कारीगरों को घरेलू और वैश्विक मूल्यशृंखलाओं में निर्बाध रूप से एकीकृत किया जाए, जिससे उनकी बाज़ार पहुँच एवं अवसरों में वृद्धि हो।
  - भारत की पारंपरिक शिल्प की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और संवर्धन।
  - कारीगरों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में परिवर्तन करने और उन्हें वैश्विक मूल्य शृंखलाओं में एकीकृत करने में सहायता करना।
  - कौशल विकास और सशक्तिकरण: इस योजना को सत्र 2023-2024 से सत्र 2027-2028 तक 5 वित्तीय वर्षों के लिये 13,000 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है।
    - यह योजना कौशल प्रशिक्षण के लिये 500 रुपए और आधुनिक उपकरणों की खरीद के लिए 1,500 रुपए की वृत्ति प्रदान करती है।
  - वे 5% की रियायती ब्याज दर पर 1 लाख रुपए (पहली किश्त) और 2 लाख रुपए (दूसरी किश्त) तक की संपार्श्विक-मुक्त ऋण सहायता के लिये भी पात्र होंगे। अत: कथन 3 सही है।

**12.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारतीय तटरक्षक जहाज़ समुद्र प्रहरी, एक विशिष्ट प्रदूषण नियंत्रण पोत, वर्तमान में 11 सितंबर से 14 अक्तूबर 2023 तक आसियान देशों (ASEAN) में तैनात रहेगा।
- यह तैनाती समुद्री प्रदूषण की अनुक्रिया के लिये भारत की आसियान पहल का हिस्सा है, जो भारतीय तटरक्षक (ICG) की प्रदूषण अनुक्रिया क्षमताओं और समुद्री प्रदूषण चुनौतियों का समाधान करने तथा सागरीय क्षेत्र में क्षमता बढ़ाने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है।
- जहाज़ उन्नत प्रदूषण नियंत्रण गियर से लैस है, जिसमें तेल रिसाव को रोकने के लिये हाई-स्प्रिंट बूम और रिवर बूम जैसे रोकथाम उपकरण, साथ ही स्किमर एवं साइड स्वीपिंग आर्म्स जैसे तेल पुनर्प्राप्ति उपकरण तथा भारतीय विशेष आर्थिक क्षेत्र के भीतर भंडारण सुविधाएँ शामिल हैं। जहाज़ प्रदूषण प्रतिक्रिया कॉन्फिगरेशन में चेतक हेलीकॉप्टर से भी लैस है। इसमें मानव रहित मशीनरी संचालन की क्षमता भी मौज़ूद है। **अत: विकल्प B सही है।**

**13.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत वर्तमान में प्राकृतिक रबड़ का विश्व का पाँचवाँ सबसे बड़ा उत्पादक देश है, तो वहीं यह विश्व स्तर पर इसका दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता भी है। (भारत की कुल प्राकृतिक रबड़ खपत का लगभग 40% वर्तमान में आयात के माध्यम से पूरा किया जाता है)
- वर्तमान में भारत में लगभग 8.5 लाख हेक्टेयर रबड़ के बागान हैं।
- प्रमुख रबड़ उत्पादक राज्यों में शामिल हैं: केरल, तमिलनाडु, त्रिपुरा और असम।
- रबड़ की खेती का एक बहुत बड़ा हिस्सा, लगभग 5 लाख हेक्टेयर, दक्षिणी राज्यों केरल और तमिलनाडु के कन्याकुमारी ज़िले में स्थित है।
- इसके अतिरिक्त, त्रिपुरा रबड़ उत्पादन परिदृश्य में लगभग 1 लाख हेक्टेयर का योगदान करता है।

**14.**

**उत्तर : C**

**व्याख्या:**

- SCD वंशानुगत लाल रक्त कोशिका विकारों का एक समूह है। SCD में, लाल रक्त कोशिकाएँ कठोर और चिपचिपी हो जाती हैं तथा C-आकार के कृषि उपकरण की तरह दिखती हैं जिसे "सिकल" कहा जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

- राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन का लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत से सिकल सेल एनीमिया को समाप्त करना है। अत: कथन 2 सही है।
- SCD को विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत विकलांगता की सूची में शामिल किया गया था। अत: कथन 3 सही है।

**15.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा ( IMEC ) परियोजना:**

- नई दिल्ली में आयोजित G20 शिखर सम्मेलन में भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC) परियोजना पर हस्ताक्षर किये गए, जो भारत के लिये महत्त्वपूर्ण भू-राजनीतिक और आर्थिक निहितार्थ रखता है। अत: कथन 1 सही है।
- इसका उद्देश्य परिवहन दक्षता बढ़ाना, लागत कम करना, आर्थिक एकता बढ़ाना, रोज़गार उत्पन्न करना और ग्रीनहाउस गैस (GHG) उत्सर्जन को कम करना है। अत: कथन 2 सही है।
- भारत, अमेरिका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, यूरोपीय संघ, इटली, फ्राँस और जर्मनी इसके हस्ताक्षरकर्त्ता देश हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- ऐसा अनुमान है कि इस कॉरिडोर के निर्माण की लागत बड़ी होगी, ऐसे में धन के स्रोतों की पहचान करना आवश्यक है। अत: कथन 4 सही नहीं है।

**16.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- विश्व रोगी सुरक्षा दिवस (17 सितंबर, 2023) से पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने स्वास्थ्य देखभाल के संदर्भ में रोगियों की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हुए पहला रोगी सुरक्षा अधिकार चार्टर जारी किया। अत: कथन 1 सही है।
- विश्व रोगी सुरक्षा दिवस 2023 का विषय 'रोगी सुरक्षा के लिये रोगियों को शामिल करना' (Engaging patients for patient safety) है। अत: कथन 2 सही है।
- WHO ने 7 अप्रैल, 1948 को कार्य करना शुरू किया और अब इस दिन को प्रत्येक वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**17.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- हाल ही में विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (WOAH) ने पशुओं में रोगाणुरोधी उपयोग पर अपनी 7वीं रिपोर्ट जारी की है, यह वर्ष 2017 से वर्ष 2019 तक की अवधि को कवर करती है। WOAH (OIE के रूप में स्थापित) स्वच्छता और पादप स्वच्छता उपायों के अनुप्रयोग पर समझौते द्वारा मान्यता प्राप्त मानक-निर्धारण निकायों में से एक है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- रिपोर्ट के कुछ प्रमुख निष्कर्षों में शामिल हैं:
- रोगाणुरोधी उपयोग:
  - वर्ष 2017 से वर्ष 2019 तक तीन वर्षों में पशुओं में वैश्विक रोगाणुरोधी उपयोग में 13% की कमी आई है।
  - 80 देशों में से एशिया, सुदूर पूर्व ओशिनिया और यूरोप के 49 देशों में रोगाणुरोधी उपयोग में समग्र कमी दर्ज की गई।
    - इसके विपरीत अफ्रीकी और अमेरिकी क्षेत्रों के 31 देशों ने इसी अवधि के दौरान रोगाणुरोधी उपयोग में समग्र वृद्धि दर्ज की। अत: कथन 2 सही नहीं है।

- रोगाणुरोधी दवाएँ, जिन्हें सामान्यत: एंटीबायोटिक्स के रूप में जाना जाता है, ऐसे पदार्थ हैं जो बैक्टीरिया, कवक, वायरस और परजीवी जैसे सूक्ष्मजीवों को या तो मार देते हैं या उनके विकास को रोकते हैं।
- इनका उपयोग मनुष्यों, जानवरों और कभी-कभी पौधों में संक्रमण के इलाज या रोकथाम के लिये किया जाता है। अत: कथन 3 सही है।

**18.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- ग्रहीय सीमाओं की रूपरेखा सबसे पहले वर्ष 2009 में जोहान रॉकस्ट्रॉम और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध 28 वैज्ञानिकों के एक समूह द्वारा प्रस्तावित की गई थी ताकि उन पर्यावरणीय सीमाओं को परिभाषित किया जा सके जिनके भीतर मानवता, पृथ्वी की स्थिरता एवं जैवविविधता को बनाए रखने के लिये सुरक्षित रूप से कार्य किया जा सके।

  ग्रहीय सीमाओं की रूपरेखा नौ महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डालती है जहाँ मानवीय गतिविधियों के कारण सुरक्षित परिचालन क्षेत्र मे कमी आ रही है:
- जीवमंडल अखंडता में परिवर्तन (जैवविविधता हानि और प्रजातियों का विलुप्त होना)।
- जलवायु परिवर्तन।
- महासागर अम्लीकरण।
- भूमि-प्रणाली परिवर्तन
- समतापमंडलीय ओज़ोन क्षरण।
- महासागर अम्लीकरण।
- जैव-भू-रासायनिक प्रवाह (फास्फोरस और नाइट्रोजन चक्र)।
- भूमि-प्रणाली परिवर्तन (उदाहरण के लिये वनों की कटाई)।
- स्वच्छ जल का उपयोग (भूमि पर संपूर्ण जल चक्र में परिवर्तन)।
- वायुमंडलीय एरोसोल लोडिंग (वायुमंडल में सूक्ष्म कण जो जलवायु और जीवित जीवों को प्रभावित करते हैं)।
- नई संस्थाओं का परिचय (माइक्रोप्लास्टिक्स, अंत:स्रावी अवरोधक और कार्बनिक प्रदूषकों से युक्त)।

  अत: विकल्प D. सही है।

**19.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- इसे कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, पशुपालन और डेयरी विभाग (DAH&D), RBI एवं नाबार्ड के सहयोग से विकसित किया गया है, KRP का उद्देश्य किसान क्रेडिट कार्ड के तहत ऋण सेवाओं तक पहुँच में क्रांति लाना है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह अभियान सार्वभौमिक वित्तीय समावेशन के लिये कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है तथा यह सुनिश्चित करता है कि बिना किसी बाधा के प्रत्येक किसान की पहुँच क्रेडिट सुविधाओं तक हो ताकि वे अपनी कृषि गतिविधियों को सुगमता से संचालित कर सकें। अत: कथन 2 सही है।
- WINDS पहल एक प्रयास है जिसका उद्देश्य तालुक/ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तरों पर स्वचालित मौसम विज्ञान केंद्रों एवं वर्षा गेज का एक नेटवर्क स्थापित करना है। अत: कथन 3 सही है।

नोट :

**20.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**बायोहैकिंग**

- हाल के वर्षों में बायोहैकिंग पर अधिक ध्यान दिये जाने के साथ-साथ इसने लोकप्रियता प्राप्त की है, यह आहार, पूरक, उपकरण, प्रत्यारोपण या आनुवंशिक इंजीनियरिंग जैसे विभिन्न तरीकों का उपयोग करके किसी जीव के शरीर या जीव विज्ञान को संशोधित करने या बढ़ाने का अभ्यास है।
  - बायोहैकिंग के अलग-अलग लक्ष्य हो सकते हैं, जैसे- स्वास्थ्य, प्रदर्शन, कल्याण या उपस्थिति में सुधार करना या मानव स्वभाव की सीमाओं और संभावनाओं की खोज करना।
  - बायोहैकिंग का सबसे प्रसिद्ध प्रकार जेनेटिक इंजीनियरिंग है, जहाँ व्यक्ति अपनी शारीरिक उपस्थिति या क्षमताओं को बढ़ाने के लिये नई तकनीकों का प्रयोग करते हैं। अत: विकल्प B सही है।
- हालाँकि बायोहैकिंग नैतिक और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को भी जन्म देती है, विशेषकर जब व्यक्ति जोखिमपूर्ण या अप्रमाणित प्रक्रियाओं में संलग्न होते हैं।

**21.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- होयसल के पवित्र मंदिर समूह, कर्नाटक के बेलूर, हलेबिड और सोमनाथपुर के प्रसिद्ध होयसल मंदिर को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) की विश्व विरासत सूची में जोड़ा गया है। यह समावेशन भारत में 42वें UNESCO विश्व धरोहर स्थल का प्रतीक है। अत: कथन 1 सही है।
  - हाल ही में शांतिनिकेतन, जो पश्चिम बंगाल के बीरभूम ज़िले में स्थित है, को भी UNESCO की विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया था।
- बेलूर में चेन्नाकेशव मंदिर:
  - इसका निर्माण होयसल राजा विष्णुवर्धन ने 1116 ई. में चोलों पर अपनी विजय के उपलक्ष्य में करवाया था। अत: कथन 2 सही है।
    - बेलुरु (जिसे पुराने समय में वेलपुरी, वेलूर और बेलापुर के नाम से भी जाना जाता था) यागाची नदी के तट पर स्थित है तथा यह होयसल साम्राज्य की राजधानियों में से एक था।
- सोमनाथपुर का केशव मंदिर:
  - यह एक सुंदर त्रिकुटा मंदिर है जो भगवान कृष्ण के तीन रूपों- जनार्दन, केशव और वेणुगोपाल को समर्पित है।
    - इसमें केशव की मूर्ति गायब है और जनार्दन तथा वेणुगोपाल की मूर्तियाँ क्षतिग्रस्त हैं।

**22.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- युवा अचीवर्स हेतु उच्च शिक्षा के लिये छात्रवृत्ति योजना (Scholarships for Higher Education for Young Achievers Scheme - SHREYAS) भारत में अनुसूचित जाति (SC) और अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) (लेकिन EWS नहीं) के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में भारत द्वारा किये गये के प्रयासों को प्रतिबिंबित करती रही है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- श्रेयस सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत एक व्यापक योजना है। अत: कथन 2 सही है।

**23.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- मैग्मा पृथ्वी की सतह के नीचे मौजूद पिघली या अर्द्ध-पिघली चट्टान के लिये प्रयुक्त एक शब्द है। मैग्मा का ज्वालामुखी से लावा के रूप में प्रस्फुटन हो सकता है।
- क्षारीय मैग्मा, जिसे बेसाल्टिक मैग्मा के रूप में भी जाना जाता है, में अन्य प्रकार के मैग्मा की तुलना में अपेक्षाकृत कम चिपचिपाहट होती है। यह फेरोमैग्नेशियम खनिजों से समृद्ध होता है लेकिन इसमें सिलिका की मात्रा कम होती है। अत: कथन 1 सही है।
  - ये मैग्मा ज्वालामुखी के केंद्र से लेकर बहुत लंबी दूरी तक प्रवाहित होते हैं और धीरे-धीरे ढलान वाले विशालकाय शील्ड ज्वालामुखी का निर्माण करते हैं, जो प्राय: व्यापक भौगोलिक क्षेत्रों को कवर करते हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - ये मैग्मा प्राय: मध्य-सागरीय कटक से संबद्ध हैं, जहाँ ये विशाल शील्ड ज्वालामुखी बनाते हैं जो सागरीय अधस्तल तक फैले होते हैं। अत: कथन 3 सही है।

**24.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**होयसल राजवंश**

- उत्पत्ति और उत्थान:
  - होयसलों ने तीन शताब्दियों से अधिक समय तक कर्नाटक और तमिलनाडु तक विस्तृत क्षेत्रों पर शासन किया, जिसमें साल राजवंश के संस्थापक के रूप में कार्यरत थे।
  - पहले राजा दोरासमुद्र (वर्तमान हेलेबिड) के उत्तर-पश्चिम की पहाड़ियों से आए थे, जो लगभग 1060 ई. में उनकी राजधानी बनी।
- राजनीतिक इतिहास:
  - होयसल कल्याण के चालुक्यों के सामंत थे, जिन्हें पश्चिमी चालुक्य साम्राज्य भी कहा जाता है। अत: कथन 1 सही है।
  - होयसल राजवंश के सबसे उल्लेखनीय शासक विष्णुवर्धन, वीर बल्लाल द्वितीय और वीर बल्लाल तृतीय थे।
    - विष्णुवर्धन (जिन्हें बिट्टीदेव के नाम से भी जाना जाता है) होयसल राजवंश के सबसे महान राजा थे।
- होयसल वास्तुकला मध्य भारत में प्रचलित भूमिजा शैली, उत्तरी एवं पश्चिमी भारत की नागर परंपराओं और कल्याणी चालुक्यों द्वारा समर्थित कर्नाटक द्रविड़ शैलियों के विशिष्ट मिश्रण के लिये जानी जाती है। अत: कथन 2 सही है।

**25.**

**उत्तर : C**

**व्याख्या:**

- निष्क्रिय या विलुप्त ज्वालामुखी वे हैं जिनका हालिया भू-वैज्ञानिक इतिहास में कभी विस्फोट नहीं हुआ है और निकट भविष्य में इनमें दोबारा विस्फोट होने की संभावना न के बराबर है। इन ज्वालामुखियों से जुड़ी एक सामान्य विशेषता उनके क्रेटर का जल से भर जाना और उसके बाद झीलों का निर्माण है।
  - ऐसा इसलिये होता है क्योंकि समय के साथ, बारिश का जल क्रेटर में संचय होता जाता है, जिससे जल-भंडार बन जाता है। ऐसी ज्वालामुखीय क्रेटर झीलें प्राय: उन क्षेत्रों में पाई जा सकती हैं जो कभी सक्रिय ज्वालामुखी क्षेत्र थे लेकिन वर्तमान में निष्क्रिय या विलुप्त हो चुके हैं।
  - ज्वालामुखी क्रेटर झील का एक प्रसिद्ध उदाहरण अमेरिका के ओरेगॉन में क्रेटर झील है, जो माउंट माज़ामा के काल्डेरा के अंदर निर्मित हुई थी। यह ज्वालामुखी हज़ारों वर्ष पूर्व एक प्रलयंकारी विस्फोट के बाद निष्क्रिय हो चुका है। **अत: विकल्प C सही है।**

**नोट :**

**26.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के 78वें सत्र के दौरान विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने "उच्च रक्तचाप पर वैश्विक रिपोर्ट: द रेस अगेंस्ट अ साइलेंट किलर" शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की। अत: कथन 1 सही है।
- यह उच्च रक्तचाप के विश्वव्यापी प्रभावों पर WHO की पहली रिपोर्ट है, जिसे सामान्यत: हाइपरटेंशन कहा जाता है।
- वर्ष 1990 और वर्ष 2019 के बीच उच्च रक्तचाप के मामलों की संख्या 650 मिलियन से दोगुनी होकर 1.3 बिलियन हो गई है। अत:कथन 2 सही है।
- उच्च रक्तचाप विश्व में 30-79 आयु वर्ग के लगभग 33% वयस्कों को प्रभावित करता है।
- भारत में उच्च रक्तचाप की व्यापकता वैश्विक औसत 31% से थोड़ी कम है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**27.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- हाल ही में यूनेस्को द्वारा 'SDG 4 मिड-टर्म प्रोग्रेस रिव्यू' शीर्षक के साथ वैश्विक शिक्षा निगरानी रिपोर्ट, 2023 जारी की गई है। अत: कथन 1 सही है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में स्कूल में गैर-नामांकित बच्चों की संख्या 250 मिलियन है, यह वर्ष 2021 की तुलना में छह मिलियन अधिक है।
- प्रति 100 युवा पुरुषों पर माध्यमिक विद्यालय स्तर तक की शिक्षा पूरा करने वाली युवतियों की संख्या वैश्विक स्तर पर 102 से बढ़कर 105 हो गई है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- संगठित शिक्षण कार्यक्रमों में शामिल होने वाले आधिकारिक प्राथमिक प्रवेश आयु से एक वर्ष कम उम्र के बच्चों का प्रतिशत 75% पर स्थिर बना हुआ है।
- उप-सहारा अफ्रीका में प्रशिक्षित पूर्व-प्राथमिक शिक्षकों का प्रतिशत 53% से बढ़कर 60% हो गया। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**28.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (PM WANI):**

- दिसंबर 2020 में दूरसंचार विभाग (DoT) द्वारा लॉन्च की गई पीएम-वाणी (PM-WANI), देश भर में, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में एक मज़बूत डिजिटल संचार अवसंरचना स्थापित करने के लिये सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट तक पहुँच में वृद्धि के उद्देश्य से शुरू की गई एक प्रमुख योजना है।
  - PM-WANI भारत के डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (DPI) का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है।
- यह खुदरा व थोक दुकानदार, चाय की दुकान अथवा किराना स्टोर के मालिकों को सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट सेवा प्रदाता बनकर ग्राहकों को इंटरनेट सेवा प्रदान करने में सक्षम बनाती है। अत: विकल्प A सही है।

**29.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारत के राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (National Medical Commission- NMC) ने 10 वर्षों के उल्लेखनीय कार्यकाल के लिये प्रतिष्ठित वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेडिकल एजुकेशन (WFME) से मान्यता प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है, जो चिकित्सा शिक्षा और मान्यता में उच्चतम मानक है।
  - WFME की स्थापना वर्ष 1972 में विश्व मेडिकल एसोसिएशन, विश्व स्वास्थ्य संगठन, मेडिकल कालेजों और अकादमिक शिक्षकों के क्षेत्रीय संगठनों तथा इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ मेडिकल स्टूडेंट्स एसोसिएशन द्वारा की गई थी।

- WFME मान्यता का महत्त्व:
  - इस मान्यता के भाग के रूप में भारत में सभी 706 मौजूदा मेडिकल कॉलेजों को WFME से मान्यता प्राप्त होगी। अत: कथन 1 सही है।
  - आगामी 10 वर्षों में स्थापित होने वाले नए मेडिकल कॉलेजों को स्वत: WFME से मान्यता प्राप्त हो जाएगी। अत:कथन 2 सही है।
  - यह मान्यता भारतीय चिकित्सा स्नातकों को अन्य देशों में स्नातकोत्तर करने और अभ्यास करने में सक्षम बनाएगी जहाँ पर WFME मान्यता की आवश्यकता होती है जैसे- अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड आदि। अत: कथन 3 सही है।
  - यह भारतीय मेडिकल कॉलेजों और पेशेवरों को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता देगा और उनकी प्रतिष्ठा को बढ़ाएगा।
  - यह अकादमिक सहयोग और आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करेगा, चिकित्सा शिक्षा में निरंतर सुधार एवं नवाचार को बढ़ावा देगा, साथ ही चिकित्सा शिक्षकों व संस्थानों के बीच गुणवत्ता की संस्कृति को बढ़ावा देगा।
  - वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त मानक होने के कारण यह भारत को अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिये एक आकर्षक गंतव्य भी बनाता है।

**30.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- केंद्र सरकार ने वैज्ञानिकों को सम्मानित करने के लिये राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार की श्रेणी के तहत 56 पुरस्कारों (3 विज्ञान रत्न, 25 विज्ञान श्री, 25 युवा विज्ञान शांति स्वरूप भटनागर, 3 विज्ञान टीम पुरस्कार) को शुरू करने का निर्णय लिया है।
  - इन पुरस्कारों की घोषणा प्रत्येक वर्ष 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर की जाएगी और वर्ष 2024 में 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर प्रदान किये जाएंगे। अत: कथन 1 सही है।
- प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों के समान, इन पुरस्कारों में कोई नकद घटक शामिल नहीं होगा। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 13 विज्ञान-संबंधित क्षेत्रों में दिया जाएगा।
- भारतीय मूल के व्यक्ति (PIO) अब नए पुरस्कारों के लिये पात्र होंगे, लेकिन विज्ञान रत्न केवल एक ही PIO को दिया जाएगा। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - विज्ञान श्री और VY-SSB के लिये तीन-तीन PIO का चयन किया जा सकता है।
  - हालाँकि PIO विज्ञान टीम पुरस्कारों के लिये पात्र नहीं होंगे।

**31.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- गुरुत्वाकर्षण रेडशिफ्ट आइंस्टीन के सामान्य सापेक्षता के सिद्धांत का परिणाम है। जब प्रकाश किसी शक्तिशाली गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र से होकर गुज़रता है, जैसे किसी ग्रह या तारे जैसे विशाल खगोलीय पिंड के पास से, तो इसकी आवृत्ति कम हो जाती है।
  - इसका अर्थ यह है कि प्रकाश विद्युत चुम्बकीय स्पेक्ट्रम के लाल सिरे की ओर स्थानांतरित हो जाता है, यही कारण है कि इसे "गुरुत्वाकर्षण रेडशिफ्ट" कहा जाता है।
- अत: विकल्प B सही है।

**32.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- सूर्य से पाँचवें स्थान पर, बृहस्पति, अब तक सौर मंडल का सबसे बड़ा (अन्य सभी ग्रहों की तुलना में दोगुने से भी अधिक विशाल) ग्रह है।
  - बृहस्पति, शनि, अरुण और वरुण को जोवियन या गैस जायंट (Jovian or Gas Giant) ग्रह कहा जाता है।

नोट :

- वर्ष 1979 में वोयाजर मिशन ने बृहस्पति की धूमिल वलय प्रणाली की खोज की। अत: कथन 1 सही है।
  - नौ अंतरिक्ष यान बृहस्पति का दौरा कर चुके हैं, इनमें से सात ने उड़ान भरी और दो ने गैस दानव (ग्रहों) की परिक्रमा की। सबसे हालिया जूनो, वर्ष 2016 में बृहस्पति पर पहुँचा।
- जूनो एक सौर ऊर्जा संचालित NASA अंतरिक्ष यान है जो विशाल ग्रह बृहस्पति के चारों ओर लंबी, लूपिंग कक्षाएँ बनाता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - JUICE बृहस्पति एवं उसके बर्फीले चंद्रमाओं, गैनिमीड, कैलिस्टो और यूरोपा का पता लगाने के लिये यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (European Space Agency- ESA) का एक मिशन है। JUICE ज्यूपिटर आइसी मून्स एक्सप्लोरर (Jupiter Icy Moons Explorer) का संक्षिप्त रूप है।
  - जूनो को 5 अगस्त, 2011 को लॉन्च किया गया था। अंतरिक्ष यान ने वर्ष 2016 में बृहस्पति पर पहुँचने से पहले लगभग 3 अरब किलोमीटर की यात्रा की।
    - जूनो ने 31 जुलाई, 2023 को बृहस्पति और उसके ज्वालामुखीय चंद्रमा आयो की एक उल्लेखनीय छवि कैप्चर करते हुए बृहस्पति के करीब 53वीं फ्लाई-बाई (किसी यान द्वारा एक निर्दिष्ट लक्ष्य या स्थिति के नज़दीक से गुज़रना) को पूरा किया।
- आयो अपनी तीव्र ज्वालामुखीय गतिविधियों के लिये जाना जाता है, जिसमें सैकड़ों विस्फोटित ज्वालामुखी से पिघला हुआ लावा और सल्फ्यूरस गैसें निकलती हैं।
- यह पृथ्वी के चंद्रमा से थोड़ा बड़ा है और ज्वारीय रूप से बृहस्पति से बँधा हुआ है तथा लगभग 1.8 पृथ्वी दिनों में अपनी धुरी पर एवं बृहस्पति के चारों ओर परिक्रमा पूरी करता है। अत: कथन 2 सही है।

**33.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- गुरुत्वाकर्षण अस्थिरता एक मौलिक भौतिक घटना को संदर्भित करती है जो खगोल भौतिकीय प्रणालियों, विशेष रूप से आकाशगंगाओं, तारों और ग्रहीय प्रणालियों जैसे आकाशीय पिंडों में घटित होती है। अत: कथन 1 सही है।
  - ये अस्थिरताएँ गुरुत्वाकर्षण बल से प्रेरित होती हैं और इन ब्रह्मांडीय कार्यप्रणालियों की संरचना, विकास एवं गतिशीलता को आकार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।
- गैस का तारों में रूपांतरण:
  - कम स्थिरता वाली सर्पिल आकाशगंगाओं में गुरुत्वाकर्षण अस्थिरताएँ बड़ी मात्रा में गैस को कुशलतापूर्वक तारों में परिवर्तित कर देती हैं। अत: कथन 2 सही है।
    - इस प्रक्रिया के कारण इन आकाशगंगाओं में गैस भंडार कम हो गए हैं।

**34.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हाथी गलियारों को भूमि के एक खंड के रूप में वर्णित किया जा सकता है जो हाथियों को दो अथवा दो से अधिक अनुकूल आवास स्थानों के बीच आवागमन में सुलभता प्रदान करता है। केंद्र सरकार द्वारा जारी हाथी गलियारा रिपोर्ट के अनुसार, 26 गलियारों के साथ पश्चिम बंगाल सबसे शीर्ष पर है जोकि कुल गलियारों का का 17% है। अत: कथन 1 सही है।
- भारत में हाथी:
  - हाथी प्रमुख प्रजाति के साथ-साथ भारत का प्राकृतिक धरोहर पशु भी है।
  - भारत में एशियाई हाथियों की संख्या सबसे अधिक है। देश में हाथियों की संख्या 30,000 से अधिक होने का अनुमान है।
    - भारत में हाथियों की सबसे अधिक आबादी कर्नाटक में है। **अत: कथन 2 सही है।**

- संरक्षण स्थिति:
  - प्रवासी प्रजातियों का सम्मेलन (CMS): परिशिष्ट I
  - वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972: अनुसूची I
  - अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) की संकटग्रस्त प्रजातियों की रेड लिस्ट:
    - एशियाई हाथी: लुप्तप्राय
    - अफ्रीकी वन हाथी: गंभीर रूप से लुप्तप्राय
    - अफ्रीकी सवाना हाथी: लुप्तप्राय **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**35.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- गैंडे की सभी पाँच प्रजातियों और उन्हें बचाने के लिये किए जा रहे कार्यों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिये प्रत्येक वर्ष साल 22 सितंबर को विश्व गैंडा दिवस मनाया जाता है।
  - इसकी घोषणा पहली बार विश्व वन्यजीव कोष- दक्षिण अफ्रीका द्वारा वर्ष 2010 में की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
- एशियाई गैंडों पर नई दिल्ली घोषणा: भारत, भूटान, नेपाल, इंडोनेशिया और मलेशिया ने इन प्रजातियों की सुरक्षा और संरक्षण के लिये वर्ष 2019 में एक घोषणा पर हस्ताक्षर किये हैं। अत: कथन 2 सही है।

**36.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हाल ही में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के लिये एआई चैटबॉट लॉन्च किया। यह केंद्र सरकार की एक प्रमुख फ्लैगशिप योजना के साथ एकीकृत अपनी तरह का पहला लॉन्च है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- एआई चैटबॉट का लॉन्च पीएम-किसान योजना की दक्षता और पहुँच बढ़ाने तथा किसानों को उनके प्रश्नों का त्वरित, स्पष्ट व सटीक उत्तर प्रदान करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। अत: कथन 2 सही है।
- पीएम-किसान मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से इस एआई चैटबॉट को भाषिनी के साथ एकीकृत किया गया है जो पीएम-किसान योजना के लाभार्थियों की भाषायी तथा क्षेत्रीय विविधता को ध्यान में रखते हुए बहुभाषी समर्थन प्रदान करता है। अत: कथन 3 सही है।

**37.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**संसदीय विशेषाधिकार:**

- संसदीय विशेषाधिकार वे विशेष अधिकार, उन्मुक्तियाँ एवं छूट हैं जो संसद के दोनों सदनों, उनकी समितियों और उनके सदस्यों को प्राप्त हैं।अत:कथन 1 सही है।
- ये विशेषाधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 105 में परिभाषित हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इन विशेषाधिकारों के तहत संसद सदस्यों को अपने कर्त्तव्यों के दौरान दिये गए किसी भी बयान या किये गए कार्य के लिये किसी भी नागरिक दायित्व (लेकिन आपराधिक दायित्व नहीं) से छूट दी गई है। अत:कथन 3 सही है।

**38.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- हाल ही में भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (ZSI) के वैज्ञानिकों ने पश्चिम बंगाल के दीघा मोहना से गहरे पानी में चमकीले नारंगी रंग की समुद्री मछली की एक नई प्रजाति की खोज की है। **अत: विकल्प C सही है।**

नोट :

39.

**उत्तर: B**

**व्याख्या :**

**मुकुर्थी राष्ट्रीय उद्यान (Mukurthi National Park):**

- मुकुर्थी राष्ट्रीय उद्यान पश्चिमी घाट में तमिलनाडु के उत्तर-पश्चिमी कोने में स्थित है। अत:कथन 1 सही नहीं है।
- यह मुदुमलाई वन्यजीव अभयारण्य, बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान, नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान, वायनाड वन्यजीव अभयारण्य और साइलेंट वैली के साथ नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व (UNESCO विश्व धरोहर स्थल) का एक भाग है। अत:कथन 2 सही है।
- यह पार्क इसकी प्रमुख प्रजाति, नीलगिरि तहर की सुरक्षा के लिये बनाया गया था। अत: कथन 3 सही है।

40.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण( Insurance Regulatory and Development Authority of India- IRDAI ):**

- यह IRDAI अधिनियम, 1999 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है और वित्त मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आता है।
  - अत: कथन 1 और 2 सही नहीं हैं।
- वर्ष 1999 में स्थापित IRDAI बीमा ग्राहकों के हितों की रक्षा के उद्देश्य से स्थापित एक विनियामक निकाय है।
- यह बीमा-संबंधित गतिविधियों की निगरानी करते हुए बीमा उद्योग के विकास को विनियमित और निगरानी करता है। अत: कथन 3 सही है।

41.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत में फास्फोरस की स्थिति:
  - भारत विश्वभर में फॉस्फोरस का सबसे बड़ा आयातक है, यह मुख्यत: अफ्रीका से, कैडमियम के द्वारा दूषित रूप में, आयात किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
  - इंडियन मिनरल्स ईयरबुक 2018 के अनुसार, एपेटाइट के मामले में भारत पूर्णत: आयात पर निर्भर है, जबकि रॉक फॉस्फेट का उत्पादन केवल दो राज्यों राजस्थान और मध्य प्रदेश में होता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- फॉस्फोरस का अति प्रयोग:
  - अत्यधिक उर्वरक के प्रयोग से फॉस्फोरस जल निकायों में चला जाता है। अत्यधिक फॉस्फोरस शैवाल के पनपने को बढ़ावा देता है, जल निकायों में ऑक्सीजन की कमी करता है और मछलियों की मृत्यु का कारण बनता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

42.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- 20 सितंबर 2023 को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय, न्यूयॉर्क में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु महत्त्वाकांक्षा शिखर सम्मेलन (CAS) का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क अभिसमय (UNFCCC) के 28वें पार्टियों के सम्मेलन (COP28) की प्रस्तावना के रूप में जलवायु कार्रवाई में तेज़ी लाना है। अत: कथन 1 सही है।
- हालाँकि चीन, अमेरिका और भारत, सामूहिक रूप से वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग 42% हिस्सा उत्सर्जित करते हैं तथा ये देश उस क्रम में शीर्ष तीन उत्सर्जक हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- सीओपी 26 में, भारत ने वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन हासिल करने का वादा किया। अत: कथन 3 सही है

नोट :

**43.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- आदि शंकराचार्य:
  - आदि शंकराचार्य ने अद्वैत (अद्वैतवाद) के सिद्धांत का प्रतिपादन किया। अद्वैत वेदांतियों के अनुसार, उपनिषद अद्वैत के एक मौलिक सिद्धांत को प्रकट करते हैं जिसे 'ब्रह्मन' कहा जाता है, जो सभी वस्तुओं की वास्तविकता है। अद्वैतवादी ब्रह्मन को व्यक्तित्व और अनुभवजन्य बहुलता से परे समझते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिये आदि शंकराचार्य ने भारत के चार कोनों शृंगेरी, पुरी, द्वारका और बद्रीनाथ में चार मठों की स्थापना की। अत: कथन 3 सही है।
  - हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री ने 11वीं सदी के भक्ति संत श्री रामानुजाचार्य की 1,000वीं जयंती पर उनकी स्मृति में हैदराबाद के बाह्य क्षेत्र में 'स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी' का उद्घाटन किया। अत: कथन 2 सही नहीं है।

**44.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- फाइव आइज़ अलायंस:
  - फाइव आइज़ एक खुफिया गठबंधन है जिसमें ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूज़ीलैंड, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे देश शामिल हैं। अत: कथन 1 सही है।
  - ये देश बहुपक्षीय UK-USA समझौते के पक्षकार हैं, जो सिग्नल इंटेलिजेंस में संयुक्त सहयोग के लिये एक संधि है। अत: कथन 2 सही है।

**45.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारत की GDP की गणना दो अलग-अलग तरीकों का उपयोग करके की जाती है: आर्थिक गतिविधि (कारक लागत पर) और व्यय (बाज़ार कीमतों पर)। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - कारक लागत पद्धति आठ विभिन्न उद्योगों के प्रदर्शन का आकलन करती है। इस लागत में निम्नलिखित आठ उद्योग क्षेत्रों पर विचार किया जाता है:
    - कृषि, वानिकी, और मत्स्य पालन,
    - खनन एवं उत्खनन,
    - उत्पादन,
    - बिजली, गैस, जल आपूर्ति, और अन्य उपयोगिता सेवाएँ,
    - निर्माण,
    - व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण,
    - वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाएँ,
    - लोक प्रशासन, रक्षा, और अन्य सेवाएँ
  - अत: कथन 2 सही नहीं है।
- व्यय-आधारित पद्धति इंगित करती है कि अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्र कैसा प्रदर्शन कर रहे हैं, जैसे व्यापार, निवेश और व्यक्तिगत खपत।

**नोट :**

**46.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- 'बुनियादी पशुपालन सांख्यिकी 2022' के अनुसार वर्ष 2021-2022 में भारत में कुल दूध उत्पादन 221.06 मिलियन टन था, इस प्रकार भारत विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश बना हुआ है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- शीर्ष पाँच प्रमुख दुग्ध उत्पादक राज्य राजस्थान (15.05%), उत्तर प्रदेश (14.93%), मध्य प्रदेश (8.06%), गुजरात (7.56%) और आंध्र प्रदेश (6.97%) हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- वर्ष 2022 में 'लैंसेट' में प्रकाशित एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया था कि बढ़ते तापमान के कारण वर्ष 2085 तक भारत के शुष्क और अर्द्ध-शुष्क क्षेत्रों में दूध उत्पादन 25% तक कम हो सकता है। अत: कथन 3 सही है।

**47.**

**उत्तर:C**

**व्याख्या:**

- विब्रियो वुल्निफिकस एक जीवाणु है जो मनुष्यों में गंभीर संक्रमण उत्पन्न कर सकता है। यह अधपके समुद्री भोजन, विशेषकर सीप खाने से हो सकता है, जिसमें हानिकारक बैक्टीरिया हो सकते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- इसके संभावित खतरे के बावजूद, यह रोगजनक भारत में काफी हद तक कम रिपोर्ट किया गया है। अत: कथन 2 सही है।
- यह जीवाणु 20°C से ऊपर गर्म जल में पनपता है। भारत की समुद्री सतह का औसत तापमान 28°C इसे एक आदर्श आवास स्थान प्रदान करता है। बढ़ी हुई वर्षा एवं कम तटीय लवणता के साथ जलवायु परिवर्तन, वी. वुल्निफिकस के विकास को और बढ़ावा देता है।अत: कथन 3 सही है।

**48.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- न्यूज़ ब्रॉडकास्टर्स एंड डिजिटल एसोसिएशन (NBDA) (जिसे पहले न्यूज़ ब्रॉडकास्टर्स एसोसिएशन (NBA) के नाम से जाना जाता था) निजी टेलीविज़न समाचार, करंट अफेयर्स और डिजिटल ब्रॉडकास्टर्स का प्रतिनिधित्व करता है। यह भारत में समाचार, समसामयिक मामलों और डिजिटल प्रसारकों की सामूहिक आवाज़ है। यह पूरी तरह से अपने सदस्यों द्वारा वित्त पोषित संगठन है। NBDA के वर्तमान में 27 प्रमुख समाचार और समसामयिक मामलों के प्रसारक (125 समाचार एवं समसामयिक मामलों के चैनल) इसके सदस्य हैं। NBDA बढ़ते उद्योग को प्रभावित करने वाले मामलों पर सरकार के समक्ष एक एकीकृत और विश्वसनीय आवाज़ प्रस्तुत करता है। यह कोई संवैधानिक संस्था नहीं है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारतीय प्रेस परिषद (PCI) भारत में प्रिंट मीडिया को विनियमित करने वाली सर्वोच्च संस्था है। अत: कथन 2 सही है।
- सरकार के केबल टेलीविज़न नेटवर्क (CTN) संशोधन नियम 2021 में स्व-नियामक निकायों के पंजीकरण की आवश्यकता है। अत: कथन 3 सही है।

**49.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

संसद के एक विशेष सत्र में शिक्षा पर संसद की स्थायी समिति ने "उच्च शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन" को लेकर एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

- रिपोर्ट में इस बात पर ज़ोर दिया गया है कि भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली का एक बड़ा भाग राज्य अधिनियमों के तहत संचालित होता है, जिसमें 70% विश्वविद्यालय इस श्रेणी में आते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- इसके अतिरिक्त, 94% छात्र राज्य या निजी संस्थानों में नामांकित हैं, केंद्रीय उच्च शिक्षण संस्थानों में नामांकित छात्रों का अनुपात मात्र 6% है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 भारत की उभरती विकास आवश्यकताओं से निपटने का एक प्रयास है। इसका लक्ष्य वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात को 26.3% से बढ़ाकर 50% करना है, जिसमें 3.5 करोड़ नई सीटें जोड़ना शामिल हैं। अत: कथन 3 सही है।

**50.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- जोशीमठ एक पहाड़ी शहर है जो उत्तराखंड के चमोली ज़िले में ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग (NH-7) पर स्थित है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह शहर उच्च जोखिम वाले भूकंपीय क्षेत्र-V में आता है, और विष्णुप्रयाग (धौलीगंगा एवं अलकनंदा नदियों का संगम स्थल) से निकलने वाली उच्च ढाल वाली जलधाराएँ इस शहर से होकर प्रवाहित होती हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित चार प्रमुख मठों में से एक है, जो हैं: कर्नाटक में शृंगेरी, गुजरात में द्वारका, ओडिशा में पुरी और उत्तराखंड में बद्रीनाथ के पास जोशीमठ। **अत: कथन 3 सही है।**

**51.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**हरित हाइड्रोजन ईंधन सेल:**

- हरित हाइड्रोजन ईंधन सेल उच्च गुणवत्ता वाली विद्युत शक्ति का एक स्वच्छ, विश्वसनीय, शांत और कुशल स्रोत हैं।
- वे एक विद्युत रासायनिक प्रक्रिया के संचालन के लिये ईंधन के रूप में हरित हाइड्रोजन का उपयोग करते हैं जो विद्युत उत्पन्न करती है, जिसमें जल और ऊष्मा ही उप-उत्पाद होते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- हरित हाइड्रोजन:
  - हरित हाइड्रोजन एक प्रकार का हाइड्रोजन है जिसे पवन या सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करके इलेक्ट्रोलिसिस नामक प्रक्रिया के माध्यम से उत्पादित किया जाता है।
  - इसमें शून्य ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के साथ जल ($H_2O$) को उसके घटक तत्त्वों, हाइड्रोजन ($H_2$) और ऑक्सीजन ($O_2$) में विभाजित करना शामिल है।
- ईंधन सेल:
  - ईंधन सेल एक विद्युत रासायनिक उपकरण है जो रासायनिक ऊर्जा (इस मामले में हाइड्रोजन) को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करता है। अत: कथन 1 सही है।
    - इसमें एक इलेक्ट्रोलाइट द्वारा अलग किये गए दो इलेक्ट्रोड (एनोड और कैथोड) होते हैं।

**52.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**संकर बीज:**

- परिचय:
  - एक ही पौधे की विभिन्न किस्मों के बीच नियंत्रित पर-परागण (Cross-Pollination) करके एक संकर बीज का उत्पादन किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
    - एक पौधे के परागकोष से दूसरे भिन्न पौधे के वर्तिकाग्र तक परागकणों के स्थानांतरण को पर-परागण कहा जाता है।
  - इस विधि का उपयोग बेहतर उपज, अधिक एकरूपता और रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले पौधे विकसित करने में किया जाता है।

नोट :

- चूँकि एक पैकेट में सभी संकर बीज एक ही मूल/पैरेंट पौधे के होते हैं, ऐसे में वे सभी पौधे एक समान रूप से विकसित होते हैं। अत: कथन 3 सही है।
- इन्हें प्रमाणिक बीजों (Heirloom Seeds) की तुलना में आसानी और तेज़ी से उगाया जा सकता है। अत: कथन 2 सही है।
    - प्रमाणिक बीज खुले-परागित पौधों से प्राप्त होते हैं, जिसका अर्थ है कि पौधों को नियंत्रित पादप-प्रजनन अथवा संकरण के बजाय वायु, कीड़े या पक्षियों जैसे प्राकृतिक तंत्र द्वारा परागित किया गया था।

**53.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम:**

- मनरेगा ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2005 में शुरू किये गए विश्व के सबसे बड़े गारंटी कार्य कार्यक्रमों में से एक है। अत: कथन 1 सही है।
- योजना का प्राथमिक उद्देश्य सार्वजनिक कार्य से संबंधित अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक किसी भी ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्यों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 100 दिनों के रोज़गार की गारंटी देना है।
    - पहले की रोज़गार गारंटी योजनाओं के विपरीत इस योजना का लक्ष्य अधिकार-आधारित ढाँचे के माध्यम से पुरानी गरीबी के कारणों को संबोधित करना है। अत:कथन 2 सही है।
- न्यूनतम मज़दूरी अधिनियम, 1948 के तहत राज्य में कृषि मज़दूरों के लिये निर्दिष्ट वैधानिक न्यूनतम मज़दूरी के अनुसार मज़दूरी का भुगतान किया जाना चाहिये। अत: कथन 3 सही है।

**54.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**आधार:**

- आधार भारत सरकार की ओर से भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) द्वारा जारी की गई 12 अंकीय व्यक्तिगत पहचान संख्या है। यह संख्या भारत में कहीं भी पहचान और पते के प्रमाण के रूप में कार्य करती है। अत: कथन 1 सही है।
- आधार संख्या प्रत्येक व्यक्ति के लिये विशिष्ट होती है और इसकी वैद्यता जीवन भर तक है।
- आधार संख्या निवासियों को उचित समय पर बैंकिंग, मोबाइल फोन कनेक्शन और अन्य सरकारी तथा गैर-सरकारी सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने में मदद करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह जनसांख्यिकीय और बायोमेट्रिक जानकारी के आधार पर व्यक्तियों की पहचान स्थापित करती है।
    - वर्तमान दस्तावेज़ों के बावजूद प्रत्येक नागरिक इस स्वैच्छिक सेवा का उपयोग कर सकता है। अत: कथन 3 सही है।

**55.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मानवाधिकारों पर एशिया प्रशांत फोरम:**

- स्थापना वर्ष-1996। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसका उद्देश्य संबद्ध क्षेत्र में प्रमुख मानवाधिकार चुनौतियों का समाधान करना है। अत: कथन 2 सही है।
- APF में 17 पूर्ण सदस्य और आठ सहयोगी सदस्य हैं।
- पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल होने के लिये एक राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थान को पेरिस सिद्धांतों में निर्धारित न्यूनतम अंतर्राष्ट्रीय मानकों का पूरी तरह से पालन करना होगा।

**नोट :**

- यह विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों, सरकारों और गैर-सरकारी संगठनों के साथ साझेदारी करता है। अत: कथन 3 सही है।
  - यह OHCHR, UNDP, UN महिला और UNFPA जैसे संगठनों के साथ सहयोग करता है।

**56.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- पैंगोलिन रात्रिचर स्तनधारी हैं जो बिलों में रहते हैं और चींटियाँ तथा दीमक खाते हैं, तथा पारिस्थितिकी तंत्र प्रबंधन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
  - पैंगोलिन अपने अनोखे रूप के लिये जाने जाते हैं। उनके पास केराटिन के बने शल्क होते हैं जो उनके पूरे शरीर को ढँकते हैं।
  - खतरे की स्थिति में वे स्वयं की सुरक्षा के लिये गेंद की भाँति रोल हो सकते हैं।
- पैंगोलिन की प्रजातियाँ: पैंगोलिन की आठ प्रजातियाँ हैं:
  - अफ्रीका में 4 प्रजातियाँ: ब्लैक-बेल्ड पैंगोलिन, व्हाइट-बेल्ड पैंगोलिन, जाइंट ग्राउंड पैंगोलिन और टेम्मिंक्स ग्राउंड पैंगोलिन।
  - एशिया में 4 प्रजातियाँ: भारतीय पैंगोलिन, फिलीपीन पैंगोलिन, सुंडा पैंगोलिन और चीनी पैंगोलिन। अत: कथन 1 सही नही है।
- प्राकृतिक आवास:
  - यह प्राथमिक और द्वितीयक उष्णकटिबंधीय जंगलों, चूना पत्थर और बाँस के जंगलों, घास के मैदानों एवं कृषि क्षेत्रों सहित आवासों की एक विस्तृत शृंखला के लिये अनुकूलनीय है। अत: कथन 2 सही नही है।
  - भारतीय पैंगोलिन भारतीय उपमहाद्वीप में पाया जाता है जबकि चीनी पैंगोलिन की उपस्थिति बिहार, पश्चिम बंगाल और असम में देखी गई है। अत: कथन 3 सही है।

**57.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय वयोश्री योजना:**

- परिचय:
  - इसे वर्ष 2017 में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया था।
  - यह वरिष्ठ नागरिक कल्याण कोष से वित्तपोषित केंद्रीय क्षेत्र की एक योजना है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - यह योजना सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत कृत्रिम अंग निर्माण निगम (ALIMCO), एक सार्वजनिक उपक्रम (Public Sector Undertaking) द्वारा कार्यान्वित की जा रही है। अत: कथन 1 सही है।
- विशेषताएँ:
  - योजना के लिये पात्रता मानदंड इस प्रकार है: वरिष्ठ नागरिक, गरीबी रेखा से नीचे (BPL) की श्रेणी और उम्र से संबंधित अक्षमता/असमर्थता से पीड़ित व्यक्ति। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - यह योजना पात्र वरिष्ठ नागरिकों को उनकी विकलांगता या दुर्बलता के अनुरूप नि:शुल्क उपकरण वितरित करने का कार्य करती है।
    - योजना के तहत समर्थित उपकरण: इसके तहत चलने के लिये प्रयोग की जाने वाली छड़ी, कोहनी की बैसाखी, वॉकर/बैसाखी, ट्राइपॉड/क्वाड पॉड, श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर, कृत्रिम दाँत और चश्मा प्रदान किये जाते हैं।

**58.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- पाम ऑयल एक खाद्य वनस्पति ऑयल है जो पाम अर्थात् ताड़ के फल के मेसोकार्प (लाल रंग का गूदा) से प्राप्त होता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

- इसका उपयोग खाना पकाने के ऑयल के रूप में और सौंदर्य प्रसाधन, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, केक, चॉकलेट, स्प्रेड, साबुन, शैम्पू तथा सफाई उत्पादों से लेकर जैव ईंधन तक प्रत्येक वस्तु में किया जाता है।
- बायोडीज़ल बनाने में कच्चे पाम-ऑयल के उपयोग को 'ग्रीन डीज़ल' ब्रांड के रूप में उपयोग किया जा रहा है। अत: कथन 2 सही है।
- इंडोनेशिया और मलेशिया मिलकर वैश्विक पाम ऑयल उत्पादन में लगभग 90% का योगदान देते हैं, जिसमें इंडोनेशिया ने वर्ष 2021 में सर्वाधिक 45 मिलियन टन से अधिक का उत्पादन किया। अत: कथन 4 सही नहीं है।
- पाम ऑयल कई व्यक्तियों द्वारा पसंद किया जाता है क्योंकि यह सस्ता है, पाम का पौधा सोयाबीन जैसे कुछ अन्य वनस्पति ऑयल पौधों की तुलना में प्रति हेक्टेयर अधिक ऑयल का उत्पादन करता है। अत: कथन 3 सही है।

**59.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (RCEP):**

- क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (RCEP), आसियान के दस सदस्य देशों तथा पाँच अन्य देशों (ऑस्ट्रेलिया, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और न्यूज़ीलैंड) द्वारा अपनाया गया एक मुक्त व्यापार समझौता (FTA) है।
- अत: विकल्प A सही है।

**60.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत का निर्वाचन आयोग (ECI):**

- स्थापना एवं भूमिका:
  - ECI की स्थापना 25 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान के अनुसार की गई थी।
  - यह एक स्वायत्त संवैधानिक प्राधिकरण है जो भारत में संघ और राज्य चुनाव प्रक्रियाओं की देखरेख व प्रबंधन के लिये ज़िम्मेदार है।
  - इस आयोग का सचिवालय नई दिल्ली में स्थित है।
  - ECI भारत में लोकसभा, राज्यसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों का प्रबंधन करता है। यह भारत के राष्ट्रपति तथा उपराष्ट्रपति के पदों के लिये चुनावों की निगरानी भी करता है।
  - इसका राज्यों के पंचायतों और नगर पालिकाओं के चुनावों से कोई सरोकार नहीं है। इसके लिये भारत का संविधान एक अलग राज्य चुनाव आयोग का प्रावधान करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- संरचना:
  - मूल रूप से, इस आयोग में एक चुनाव आयुक्त होता था, किंतु चुनाव आयुक्त संशोधन अधिनियम 1989 के बाद यह एक बहु-सदस्यीय निकाय बन गया। अत: कथन 2 सही है।
  - इसमें अब मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्त हैं।
  - मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त के पास सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समान शक्तियाँ और वेतन होते हैं।
  - राज्य स्तर पर, मुख्य निर्वाचन अधिकारी(आमतौर पर एक IAS रैंक का अधिकारी) निर्वाचन आयोग को उसके कर्तव्य निर्वहन में सहयोग करता है।
- आयुक्तों की नियुक्ति एवं कार्यकाल:
  - भारत के राष्ट्रपति CEC और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करते हैं। अत:, कथन 3 सही है।
  - वे 6 वर्ष की निश्चित अवधि अथवा 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, सेवा करते हैं।

नोट :

- आयुक्तों को अपदस्थ करने की प्रक्रिया:
  - आयुक्त स्वेच्छा से इस्तीफा दे सकते हैं या उन्हें उनका कार्यकाल समाप्त होने से पहले हटाया जा सकता है।
  - CEC को केवल संसद द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने की प्रक्रिया के माध्यम से ही पद से हटाया जा सकता है।

**61.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग मात्रा की दृष्टि से विश्व का तीसरा सबसे बड़ा फार्मास्युटिकल उद्योग है, जिसका वर्तमान बाज़ार आकार लगभग 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है। अत: कथन 1 सही है।
- हाल ही में रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने चिकित्सा तथा फार्मास्युटिकल क्षेत्रों में नवाचार, अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के लिये पहल शुरू की है।
  - ये पहल भारत में फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास और नवाचार पर राष्ट्रीय नीति तथा PRIP फार्मा मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान व नवाचार को बढ़ावा देने की योजना है। अत: कथन 2 सही है।

**62.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भू-स्थानिक बुद्धिमता:**

- भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी में भौगोलिक मानचित्रण और विश्लेषण हेतु भौगोलिक सूचना प्रणाली (Geographic Information System- GIS), ग्लोबल पोज़िशनिंग सिस्टम (Global Positioning System- GPS) तथा रिमोट सेंसिंग जैसे उपकरणों का उपयोग किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- ये उपकरण वस्तुओं, घटनाओं और परिघटनाओं (पृथ्वी पर उनकी भौगोलिक स्थिति के अनुसार अनुक्रमित जियोटैग) के बारे में स्थानिक जानकारी प्रदान करते हैं। हालाँकि किसी स्थान का डेटा स्थिर (Static) या गतिशील (Dynamic) हो सकता है।
  - किसी स्थान के स्थिर डेटा/स्टेटिक लोकेशन डेटा (Static Location Data) में सड़क की स्थिति, भूकंप की घटना या किसी विशेष क्षेत्र में बच्चों में कुपोषण की स्थिति के बारे में जानकारी शामिल होती है, जबकि किसी स्थान के गतिशील डेटा/डायनेमिक लोकेशन डेटा (Dynamic Location Data) में संचालित वाहन या पैदल यात्री, संक्रामक बीमारी के प्रसार आदि से संबंधित डेटा शामिल होता है।
- बड़ी मात्रा में डेटा में स्थानिक प्रतिरूप की पहचान के लिये इंटेलिजेंस मैप्स (Intelligent Maps) निर्मित करने हेतु प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जा सकता है। अत: कथन 2 सही है।
- यह प्रौद्योगिकी दुर्लभ संसाधनों के महत्त्व और उनकी प्राथमिकता के आधार पर निर्णय लेने में मददगार हो सकती है।

**63.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**चीन-नेपाल संबंध:**

- नेपाल ने चीन की वैश्विक सुरक्षा पहल (GSI) में शामिल होने के चीन के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया, इस बात का समर्थन करते हुए कि भारत, चीन और अमेरिका के बीच रणनीतिक संतुलन बनाए रखने के लिये संयुक्त सुरक्षा नेपाल के हित में नहीं है। अत: कथन 1 सही है।
- नेपाल ने चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) में रुचि व्यक्त की है, जिसका लक्ष्य बुनियादी ढाँचे की कनेक्टिविटी और व्यापार सुविधा में सुधार करना है। अत: कथन 2 सही है।

नोट :

**64.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**परिसीमन आयोग:**

- वर्ष 1952, 1962, 1972 और 2002 के अधिनियमों के आधार पर चार बार वर्ष 1952, 1963, 1973 और 2002 में परिसीमन आयोगों का गठन किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- परिसीमन आयोग का गठन भारत के राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है तथा यह भारत निर्वाचन आयोग के सहयोग से कार्य करता है। आयोग का मुख्य कार्य हाल की जनगणना के आधार पर सीमाओं को फिर से तैयार करना है। अत: कथन 2 सही है।

**65.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**प्रतिभूति बॉण्ड**

- एक प्रतिभूति बॉण्ड को उसके सरलतम रूप में किसी अधिनियम के अनुपालन, भुगतान या प्रदर्शन की गारंटी के लिये एक लिखित समझौते के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। यह त्री-पक्षीय समझौते वाला एक विशेष बीमा है। अत: कथन 2 सही है।
- बीमा कंपनी द्वारा ठेकेदार की ओर से परियोजना प्रदान करने वाली इकाई को जमानती बॉण्ड प्रदान किया जाता है। इससे ठेकेदारों को केवल बैंक गारंटी पर निर्भर हुए बिना अपनी परियोजनाओं के फाइनेंसियल क्लोज़र में मदद मिलेगी। अत: कथन 1 सही है।